दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 236 | जयपुर | सोमवार, 30 जून, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badhatarajasthan


# पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद भगदड़, 3 की मौत

## लोग घायल; सीएम माझी ने माफी मांगी, 2 अफसर सस्पेंड, पुरी कलेक्टर-एसपी को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**भुवनेश्वर ( एजेंसी )।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद रविवार तड़के करीब 4 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 घायल हो गए। घायलों में 6 की हालत गंभीर है।हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मची। सीएम मोहन चरण माझी ने घटना पर माफी मांगी है। उन्होंने ङ्क पर लिखा, 'मैं और मेरी सरकार भगवान जगन्नाथ के सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से क्षमा मांगते हैं। यह लापरवाही माफ करने लायक नहीं है।'इसके बाद राज्य सरकार ने पुरी के कलेक्टर और एसपी का तबादला कर दिया। चंचल राणा को नया कलेक्टर और पिनाक मिश्रा को नया एसपी बनाया गया है। साथ ही डीसीपी और कमांडेंट को निलंबित कर दिया गया है।

पुरी की रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों को उनकी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के सामने 9 दिन के लिए खड़ा कर दिया जाता है। यहां बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले पहुंच चुके थे। जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, जिससे लोगों में उसके दर्शन करने की होड़ लग गई।इसी दौरान भगदड़ मची, जिसमें गिरने से कई लोग कुचल गए। बताया जा रहा है कि घटना के समय वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात नहीं था। हादसे में मारे गए लोगों के नाम बसंती साहू (36), प्रेमकांति महांति (78) और प्रभाती दास हैं। इनके शव पुरी मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं।

इससे पहले शुक्रवार (27 जून) को देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से ज्यादा श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई थी। प्रशासन के मुताबिक 70 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### रथयात्रा शुक्रवार को शुरू, रविवार को पूरी हुई

पुरी में शुक्रवार (27 जून) को शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू हुई थी। सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ खींचा गया। इसके बाद सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ खींचे गए। पहले दिन बलभद्र का रथ 200 मीटर तक खींचा गया, सुभद्रा-भगवान जगन्नाथ के रथ भी कुछ दूरी तक खींचे गए।शनिवार को 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11 .20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12 .20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1 .11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंचा।

### 2024- भगदड़ में 2 की मौत, कई घायल

2024 में जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन 7-8 जुलाई को किया गया था। रथयात्रा के पहले दिन 7 जुलाई को 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पंहुचे थे, इस वजह से भगदड़ की स्थिति बन गई। भगदड़ के दौरान घबराहट की वजह से 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल भी हुए।

### 2008- भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत

2008 में जगन्नाथ यात्रा का आयोजन 4-5 जुलाई को किया गया था। यात्रा के पहले दिन 4 जुलाई को भगवान जगन्नाथ मंदिर के बाहर सिंहद्वार के सामने भगदड़ मच गई, जिसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मरने वालों में 3 महिलाएं भी शामिल थीं। यह हादसा उस समय हुआ जब भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को रथयात्रा के लिए मंदिर से बाहर लाया जा रहा था।

# टनों-मिट्टी में दबे एक परिवार के लोग

## 4 की मौत 2 घायलों का उपचार जारी

### चंबल पाइपलाइन खुदाई की साइट में हादसा, सभी ग्रामीण यूपी के रहने वाले

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** जिले के गहनोली थाना क्षेत्र में चंबल प्रोजेक्ट की पाइपलाइन डाली जा रही है जिसमें रविवार को सुबह लगभग 8.30 बजे एक हादसा हो गया जिसमें उत्तर प्रदेश के गांव से मिट्टी लेने आए एक परिवार के लोग दब गए जिनमें से तीन महिला एक एवं एक पुरुष की मौत हो गई दो का इलाज भरतपुर जिला मुख्यालय के अस्पताल में जारी है। रूपवास उपखंड क्षेत्र के गहनौली थाना क्षेत्र के जंगी के नगला के पास पाइप लाइन के लिए खुदाई की जा रही है। जिसमें निकली मिट्टी को भरने के लिए उत्तर प्रदेश फतेहपुर सिकरी के गांव उद्धू के रहने वाले आए मिट्टी भरने के दौरान साइड से मिट्टी गिरने के कारण सभी लोग उसमें दब गए।





### करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में उतरे थे-

जानकारी के अनुसार साइट पर करीब 10 फीट की खुदाई हुई है। ये सभी लोग इसी गड्ढे में उतरे थे। इसी दौरान टनों मिट्टी भरभराकर उनके ऊपर गिर गई।हादसे की सूचना पर पहुंची जिला प्रशासन और ग्रामीणों मिट्टी में दबे 6 लोगों को बाहर निकाला था। इनमें से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, एक महिला ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया।

### मृतकों की पहचान

अनुकूल (22), योगेश कुमारी (25), विनोद देवी (55) और विमला देवी (45) के तौर पर हुई है। वहीं, दिनेश (38) पुत्र नाहर सिंह और जयश्री (50) पत्नी विजेंद्र घायल हैं।

### 2 लोगों का इलाज जारी

भरतपुर जिला कलेक्टर कमर-उल-जमान सहित जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने हादसा स्थल का निरीक्षण कर अस्पताल में घायल महिला पुरुष से मुलाकात कर जानकारी की एवं अच्छे इलाज के लिए निर्देश दिए।

### सांसद संजना जाटव पहुँची अस्पताल

हादसे की सूचना मिलते ही भरतपुर सांसद संजना जाटव तत्काल सोलंकी हॉस्पिटल, भरतपुर पहुँची और घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर घायलों को बेहतर इलाज व परिवार को हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ पूरा क्षेत्र और प्रशासन खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति मिले।

# मानसून ने 9 दिन पहले पूरे भारत को घेरा

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में झमाझम बारिश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रविवार को दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन की तारीख 27 जून से दो दिन की देरी से पहुंचा।देश भर में बेसब्री से इंतजार किए जा रहे दक्षिण-पश्चिम मानसून ने इस साल तय समय से काफी पहले पूरे भारत को अपनी चपेट में ले लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा कर दी। आईएमडी ने 8 जुलाई तक पूरे देश में मानसून के फैलने का अनुमान लगाया था,



लेकिन नौ दिन पहले ही, 29 जून को, बारिश ने पूरे भारत को घेर लिया। पिछले साल, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 2 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लिया था, जो अपने सामान्य समय से छह दिन पहले था। इस साल, मानसून सामान्य से एक सप्ताह पहले 24 मई को केरल पहुंचा और 11 जून की सामान्य शुरुआत की तारीख से लगभग दो सप्ताह पहले 26 मई को मुंबई पहुंचा।

### दिल्ली में मानसून का आगमन, येलो अलर्ट जारी

IMD ने रविवार को दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन की तारीख 27 जून से दो दिन की देरी से पहुंचा। एक बयान में कहा गया है, %दक्षिण-पश्चिम मानसून आज राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के शेष हिस्सों और पूरे दिल्ली क्षेत्र में आगे बढ़ गया है। इस प्रकार, इसने 8 जुलाई की सामान्य तिथि के बजाय 29 जून को पूरे देश को कवर कर लिया।

# पटना में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ तेजस्वी ने भरी हुंकार, बोले- यह देश किसी के बाप का नहीं

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** तेजस्वी यादव ने अपने भाषण में कहा, यह देश किसी के बाप का नहीं है। आजादी की लड़ाई में सभी धर्मों के लोगों, चाहे वह हिंदू हों, मुसलमान हों, सिख हों या ईसाई, सभी के पूर्वजों ने अपना बलिदान दिया है। हिंदुस्तान की सरजमीं का हर इंच और इतिहास का हर पन्ना इस बात की गवाही देता है कि यह देश हम सबका है।पटना के गांधी मैदान में शनिवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने %वक्फ बचाओ दस्तूर बचाओ% कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दौरान बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी रैली में शामिल हुए और मंच से भाजपा सरकार पर जमकर गरजे। तेजस्वी यादव ने अपने भाषण में कहा, यह देश किसी के बाप का नहीं है। आजादी की लड़ाई में सभी धर्मों के लोगों, चाहे वह हिंदू हों, मुसलमान हों, सिख हों या ईसाई, सभी के पूर्वजों ने अपना बलिदान दिया है।




# जयपुर एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च करने पहुंचे सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों का कहना है कि बिल्डिंग का सर्च जल्द पूरा कर लिया जाएगा।जयपुर में धमकी भरे मेल मिलने का सिलसिला जारी है। रविवार को जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एयरपोर्ट अथॉरिटी को को ये मेल मिला है। इसमें लिखा है कि - एयरपोर्ट बिल्डिंग के अंदर विस्फोटक रखा गया है, जल्द ही धमाका होगा।

अगर बिल्डिंग खाली नहीं कराई तो सभी लोग मारे जाएंगे। मेल की जानकारी के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वॉड और सिविल डिफेंस की टीमें बिल्डिंग में सर्च कर रही हैं।

## 46 जोड़ी ट्रेनों में अस्थाई तौर पर 120 डिब्बे बढ़ाए



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** रेलवे ने जुलाई में यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत दी है। रेलवे ने 1 जुलाई से 46 जोड़ी ट्रेनों की विभिन्न श्रेणी के 120 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। इससे लंबी वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को फायदा मिलेगा और यात्रा करना थोड़ा आसान होगा। रेलवे ने जिन ट्रेनों में डिब्बे बढ़ाए हैं, वे राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, श्रीगंगानगर समेत दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हरिद्वार, वाराणसी, इंदौर, सोलापुर, तिरूपति जैसे शहरों को कनेक्ट करती हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया- यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए कुल 46 जोड़ी ट्रेनों में 120 डिब्बे अस्थाई रूप से बढ़ाए जा रहे हैं। इनमें सेकेंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर, चेयर कार, थर्ड एसी इकोनॉमी और साधारण श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं।

# उत्तराखंड में आफत की बारिश

## बादल फटने से 2 मजदूरों की मौत, चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आशंका के मद्देनजर, राज्य सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चारधाम यात्रा को अगले 24 घंटे के लिए स्थगित कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा जारी भारी बारिश की चेतावनी और भूस्खलन के जोखिमों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। प्रशासन हाई अलर्ट पर है और लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने तथा सतर्कता बरतने की अपील की गई है।उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की घटनाओं ने एक बार फिर कहर बरपाया है। रविवार तड़के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलाई बैंड के पास बादल फटने से बड़ा हादसा हो गया।

इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 2 मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि 9 अन्य अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आशंका के मद्देनजर, राज्य सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चारधाम यात्रा को अगले 24 घंटे के लिए स्थगित कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा जारी भारी बारिश की चेतावनी और भूस्खलन के जोखिमों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है।मजदूरों की स्थिति- जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि सिलाई बैंड के पास एक निर्माणाधीन होटल के कैंप में लगभग 19 मजदूर रुके हुए थे। बादल फटने से आए मलबे में 9 मजदूर बह गए,



जबकि 10 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। लापता मजदूरों की तलाश जारी है।यमुनोत्री हाईवे बंद- बादल फटने और भूस्खलन के कारण यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलाई बैंड के पास लगभग 10 मीटर का हिस्सा पूरी तरह बह गया है, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। एनएच की टीमें रास्ता खोलने के प्रयास में जुटी हैं।

ओजरी के पास भी सड़क संपर्क बाधित हुआ है।रेस्क्यू ऑपरेशन जारी- घटनास्थल पर पुलिस, एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीमें युद्धस्तर पर बचाव और तलाशी अभियान चला रही हैं। लगातार बारिश और मलबा हटाने में आ रही दिक्कतों के कारण राहत कार्यों में बाधा आ रही है।नदियों का जलस्तर बढ़ा- क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से अलकनंदा और मंदाकिनी सहित कई नदियां उफान पर हैं और खतरे के निशान के करीब बह रही हैं, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

स्यानाचट्टी में कुपड़ा कुंशाला त्रिखिली मोटर पुल भी खतरे में आ गया है।मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़कोट के पास हुए भूस्खलन और बादल फटने की घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि बचाव दल ने 20 लोगों को सुरक्षित निकाला है और 2 शव बरामद किए गए हैं। सीएम ने स्थानीय प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन विभाग को लगातार बचाव कार्य में लगे रहने के निर्देश दिए हैं।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि▯बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# मार्बल एसोसिएशन का सम्मान एवं मिलन समारोह आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन, चैम्बर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिविजन एवं यूसीसीआई के सयुंक्त तत्वाधान में एसोसिएशन भवन एक बैठक आयोजित की गई।

अध्यक्ष पंकज कुमार गंगावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चेंबर ऑफकॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष पारस सिंघवी एवं विशिष्ठ अतिथि यूसीसीआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया थे। चैम्बर ऑफ कॉमर्स उदयपुर द्वारा भव्य एवं सफ्लतम क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करवाने पर पारस सिंघवी, यशवंत आंचलिया, संयोजक संजय भंडारी, सह संयोजक कैलाश सोनी, राजमल जैन एवं उनकी पूरी कार्यकारिणी टीम का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर यूसीसीआई अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया, महासचिव आशीष छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप बापना एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती हसीना चक्कीवाला का भी स्वागत किया गया।

चैम्बर द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में उदयपुर मार्बल एसोसिएशन ने भी भाग लिया जिसमें 52 टीम के साथ खेलते हुए प्रतियोगिता में उप विजेता रही। एसोसिएशन के सभी क्रिकेट खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी व उपहार भेट कर सम्मानित किया गया।

स्वागत समारोह में पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मोर, सचिव नीरज शर्मा, सहसचिव नरेंद्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य मनीष लोढ़ा, विनय पाठक एवं मोहम्मद इलियास उपस्थित थे। प्रारम्भ में हाल ही में अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को सामुहिक श्रद्धांजली अर्पित की गई।

# वीर तेजाजी नगर में खेत में कार्य कर रहे व्यक्ति पर हमला, गम्भीर हालात में जयपुर रैफर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना इलाके के ग्राम वीर तेजाजी नगर में एक व्यक्ति पर धारधार हथियारों और लाठी डंडों से मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त सूचना के वीर तेजाजी नगर के सुभाष बाज्या अपने घर स्थित खेत में फूलों का कार्य कर रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी डंडों और धारधार हथियारों से सुभाष बाज्या पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित सुभाष बाज्या को पावटा उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें जयपुर रैफर कर दिया। प्रागपुरा थाना पुलिस ने इस मामले में 9 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में रामस्वरूप बाज्या, हरिसिंह बाज्या, अनिल बाज्या, हंसा देवी, मनफूल देवी, रेखा, रिंकू, रवीना और मोहित शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी पावटा चौकी प्रभारी रामजस ने बताया कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस कड़ी में पावटा उपखंड क्षेत्र के ग्राम कैरोड़ी में प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत के नेतृत्व और पावटा एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय और विकास सिंह शेखावत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रधान प्रतिनिधि टिंकू सैनी, कैरोड़ी सरपंच उदयवीर सिंह, बूथ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, राजेश पारीक, महेश सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी रामसिंह, मंडल कार्यकारणी सदस्य अजीत सिंह गुरुजी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री रिशाल सिंह, सुभाष सिंह, जगदीश सिंह, अमर सिंह, महिपाल सिंह, कप्तान सुमेर सिंह, बहादुर सिंह, लक्ष्मण सिंह, रमेश सिंह समेत कई प्रमुख लोग शामिल थे।

# सांसी बस्ती में स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

## जिला स्पेशल टीम व थाना सिटी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर / बाबरा ( विष्णु दत्त धीमान )।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत रविवार को जिला स्पेशल टीम व सिटी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला को स्मैक की तस्करी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।सिटी थानाधिकारी



विजयसिंह मीणा ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर सांसी बस्ती रोड पर एक संदिग्ध महिला भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ खड़ी है और बेचने की फिराक में है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर महिला की तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से 01.11 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी करीब 12 पुडिया बना रखी थी। प्रति पुडिया की कीमत दो से तीन सौ रुपये में बेच रही थी। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त करते हुए महिला को गिरफ्तार कर किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रीमती मीरा पत्नी श्री अजय सांसी, उम्र 30 वर्ष, निवासी सांसी बस्ती छावनी, थाना ब्यावर सिटी, जिला ब्यावर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है वहीं मामले में आगे की जांच शुरु कर दी है।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाबरा में शिक्षा एवं सामाजिक न्याय मंत्रियों का दौरा, करोड़ों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर / बाबरा ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान सरकार के शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने रविवार को ग्राम पंचायत बाबरा स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों ने विद्यालय में फलदार व छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थितजनों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सामूहिक रूप से सुना।

## विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास



मंत्रियों ने विद्यालय में ?5 करोड़ की लागत से खेतपालिया परिवार द्वारा निर्मित पीएमश्री विद्यालय भवन, ?56 लाख की लागत से बने सभागार, तीन नवीन विज्ञान प्रयोगशालाएं, एक आधुनिक हॉल एवं स्मार्ट क्लास, खेल पाठशाला, श्री सीमेंट के सहयोग से बने खेल मैदान, शेड व रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, एवं खेतपालिया परिवार द्वारा निर्मित ?16.50 लाख की लागत से बने मुख्य द्वार व बाउंड्री वॉल जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

## मंत्री मदन दिलावर की घोषणाएं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार व अत्याधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की—

–नया गांव प्राथमिक विद्यालय को आगामी सत्र से उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जाएगा।

–पीएमश्री विद्यालय बाबरा में विज्ञान संकाय की शुरुआत की जाएगी।

–नवीन विद्यालय को कक्षा 12वीं तक क्रमोन्नत किया जाएगा।

## उपस्थित गणमान्यजन

इस अवसर पर गुरुदेव नारायणनाथ महाराज, जिला कलेक्टर कमलराम मीना, भामाशाह पारसमल खेतपालिया, सुनील खेतपालिया, श्रीमती शोभा खेतपालिया, सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह जोधा, पंचायत समिति सदस्य मनोहर कंवर, प्रधानाचार्य दिलावर टांक, नंदलाल सिंह जोधा, बाबरा मंडल अध्यक्ष राजवेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, एसडीएम रवि प्रकाश, एसीईओ गोपाल लाल मीणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, विद्यालय स्टाफ व खेतपालिया परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने विद्यालय के नवनिर्माण व विकास को लेकर सरकार और भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

# कोटपूतली वन विभाग ने प्रागपुरा थाना इलाके के बूचारा वन क्षेत्र के बड़ियावाली ढाणी में की बड़ी कार्रवाई

## विभागीय अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल तैनात, 10 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली वन विभाग ने प्रागपुरा थाना इलाके के बूचारा वन क्षेत्र के बड़ियावाली ढाणी में अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब 10 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। इस कार्यवाही के दौरान मौके पर विभागीय अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। उपवन संरक्षक जयपुर (उत्तर) डी.पी. जागावत के निर्देशन में कार्यवाही को अंजाम दिया गया। कोटपूतली रेंजर सतपाल ढिलाण ने बताया कि वन विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि वनखण्ड बुचारा क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा वन भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण गतिविधियां की जा रही हैं। इससे पहले 17 जून को टीम ने अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जे.सी.बी. मशीन और दो ट्रैक्टरों को पकड़ने की कोशिश की थी लेकिन खननकर्ताओं ने टीम के साथ मारपीट कर गाली-गलौच की थी। इसके बाद एक रणनीति



बनाकर शनिवार सुबह वन विभाग भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और अतिक्रमित जमीन पर खाई खोद कर उसे कब्जे में लिया। इससे पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिया गया था, लेकिन उन्होंने कोई सुधार नहीं किया। इसके बाद विभाग ने रणनीति बनाकर अतिक्रमित जमीन पर बनाए गए अवैध बाड़बंदी और अन्य ढांचों को हटाया गया। जमीन को दोबारा वन भूमि में शामिल करने के लिए चारों और जेसीबी मशीन से खाई खोदी गई। इस दौरान सहायक वन संरक्षक तरुण प्रकाश यादव, कोटपूतली रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी सतपाल ढिलाण, कोटपूतली, विराटनगर और पावटा रेंज का वन विभाग स्टाफ, थाना प्रागपुरा का पुलिस जाप्ता पूरी कार्रवाई में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा। उपवन संरक्षक डी.पी. जागावत ने कहा कि वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त रुख अपनाए हुए है। भविष्य में भी ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन भूमि हमारी धरोहर है, इसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। वन विभाग की यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण और वन भूमि की रक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। यह संदेश भी गया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अब सख्त से सख्त कार्रवाई की कार्यवाही की जायेगी।

# राजस्थान रावत राजपूत महासभा द्वारा 'हरियालो मगरा महाभियान' का भव्य शुभारंभ,

## 11 हजार पौधों के रोपण का संकल्प, सर्कल स्तर पर घोषित किए गए नगद पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर / बाबरा ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान रावत राजपूत महासभा, ब्यावर के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल 'हरियालो मगरा महाभियान' का शुभारंभ रविवार को राजियावास तालाब की पाल से किया गया। यह समारोह महासभा प्रदेशाध्यक्ष पन्नासिंह जोडकिया, विधायक शंकरसिंह रावत तथा सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमसिंह चौहान के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शंकरसिंह रावत ने अपने संबोधन में महासभा द्वारा समूचे मगरा क्षेत्र में 11 हजार पौधे लगाने की योजना की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल बताया। उन्होंने शिव मंदिर में



जलाभिषेक कर प्राचीन धूणी पर धोक लगाई। साथ ही स्थानीय सरपंच एवं पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष ब्रजपालसिंह रावत के आग्रह पर विधायक निधि से 10 लाख रुपए की लागत से शिव मंदिर परिसर में तिबारा निर्माण कराने की घोषणा भी की।समारोह को सेवानिवृत्त एएसपी नेमसिंह चौहान, सरपंच ब्रजपालसिंह रावत, वरिष्ठ उपाध्याय मोहनसिंह गहलोत, उपाध्यक्ष किशोरसिंह काछबली, पूर्व सरपंच लाडूसिंह कोटड़ा, माधूसिंह बरजाल, रणजीतसिंह गोहाना, सरपंच आनंदसिंह नरबदखेड़ा, नैनूसिंह धनार, गंगासिंह कालिंजर, महेन्द्रसिंह गौड़, दिलीपसिंह आदि ने भी संबोधित किया। समारोह में डूंगरसिंह राजियावास, शक्तिसिंह सिंघाडिया, गिरधारीसिंह भीम, दुर्गासिंह खीमपुरा, बालूसिंह फौजी, हीरासिंह ताल, नारायणसिंह देवनगर, मदनसिंह झाला की चौकी, भोमसिंह राठौड़, रूपसिंह गहलोत, दयालसिंह राठौड़, भानुप्रतापसिंह, युवराजसिंह पंवार, पुखराजसिंह पंवार, मोहितसिंह गौड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ महामंत्री प्राचार्य मानसिंह चौहान ने किया।

# प्रागपुरा में मुहर्रम की तैयारियां जोरों पर..

## 06 जुलाई को मनाया जाएगा यौम-ए-आशुरा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** इस्लामिक कैलेंडर का नया साल शुरू होने के साथ ही प्रागपुरा कस्बा में मुहर्रम की तैयारीयां जोरों पर हैं। चांद की तारिख से आगामी 06 जुलाई को यौम-ए-आशुरा मनाया जाएगा। कस्बा के जामा मस्जिद व लुहारों की कॉलोनी स्थित इमामबाड़ा में मजलिसों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता वसीम खान ने बताया कि इस्लामिक धर्म के नए साल की शुरुआत होने के बाद 10 तारीख को नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों और नातियों के साथ मजहब-ए-इस्लाम को बचाने, हक और इंसाफ को जिंदा रखने के लिए शहीद हो गए। ताजियादार मोहम्मद इकरामुद्दीन ने बताया कि मुस्लिम धर्म में ताजियों का बड़ा महत्व है, ये ताजिए करबला में हुई जंग की याद दिलाते हैं। मुजिफ खान ने बताया कि प्रागपुरा कस्बे में मुहर्रम की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इस बार 05 जुलाई की रात 8.00 बजे मेहंदी के रसम अदा होगी तथा रात्रि 10 बजे शाही जामा मस्जिद से मोहर्रम का जुलूस उठेगा और 06 जुलाई सुबह 10.00 बजे शाही जामा मस्जिद से जुलूस कस्बे के मुख्य बाजार सुभाष चौक होते हुए इमाम बाड़ा पहुंचेगा तथा शाम को 07 बजे कर्बला में सुपुर्द किया जाएगा।

# रोटरी क्लब उदयपुर का आभार प्रदर्शन समारोह आयोजित

## 60 सेवा सहयोगी हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर का वर्ष 2024-25 का आभार प्रदर्शन समारोह आज रोटरी बजाज भवन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी थे। समारोह में उन 60 सेवा सहयोगियों को सम्मानित किया गया, जिन्होनें वर्ष पर्यन्त क्लब के सेवा कार्यो में सहयोग किया।समारोह में बोलते हुए पारस सिंघवी ने कहा कि सेवा करने के लिये राजनीति मंच का होना जरूरी है नहीं, रोटरी जैसे मंच के जरिये समाज की बहेतर सेवा की जा सकती है जिस प्रकार इस क्लब द्वारा की जाती रही है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने वर्ष 2024-25 के दौरान



किये गये सेवा कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान 49 सदस्यों को जोड़ कर सेवा कार्यो को गति दी। इस वर्ष क्लब ने सेवा कार्यो में राशि खर्च कर शेष रकम रोटरी सर्विस ट्रस्ट को प्रदान की ताकि उस राशि का उपयोग अन्य कार्य मे किया जा सके।

## मेडिकल इक्विपमेंट बैंक का हुआ उद्घाटन

–अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने बताया कि क्लब ने दआज ही रोटरी बजाज भवन में मेडिकल इक्विपमेंट बैंक की स्थापना की, जिसका आज उद्घाटन किया गया। इस बैंक में कोई भी व्यक्ति जमानत राशि देकर मेडिकल इक्विपमेंट ले जा सकता है और जब वह इक्विमेंपट वापस जमा करायेगा तब उसे वह जमानत राशि उसे लौटा दी जायेगी। इस बैंक में सभी प्रकार के मेडिकल इक्विपमेंट उपलब्ध रहेंगे।

## उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन का 75वाँ स्थापना दिवस आयोजित

# राष्ट्र निर्माण में टैक्स प्रोफेशनल्स का योगदान महत्वपूर्ण:कटारिया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन का 75वाँ स्थापना दिवस रविवार को चित्रकूट नगर स्थित टैक्स बार भवन में गरिमामयी एवं भव्य आयोजन के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल कटारिया ने टैक्स प्रोफेशनल्स के योगदान को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया और कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में इनकी भूमिका अतुलनीय है। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि यह बहुत ही गर्व का विषय है कि



आज हमारे देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं कर सलाहकार के योगदान के बिना इस देश की आर्थिक प्रगति मुमकिन नहीं है यह तो इन्हीं की मेहनत का फ्ल है कि हमारा देश आज दिन-ब-दिन प्रगति कर रहा है। आयकर एवं जीएसटी में प्रतिवर्ष अपने बजट की आंकड़ों से भी ज्यादा आ रहा है।उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि हमारा देश आर्थिक दृष्टि से विश्व में अभी चौथे पायदान सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।यदि इसी प्रकार सतत प्रगति होती रही तो 2047 से पहले ही भारत सर्वश्रेष्ठ अर्थव्यवस्था बन सकता है। हमारें सभी भारतीय ने हर समय इस देश के लिए बहुत कुछ किया है चाहे वह कारगिल हो चाहे कोविड का समय हो या अभी-अभी जो पाकिस्तान ने जो कायरना हरकत की उसका जवाब हो जिसे हमारे देश के वीर जवानों ने ही नहीं बल्कि सीमाओं पर बसे हुए देशवासियों ने दिया। समारोह में कटारिया ने 25 वर्ष और 50 वर्ष की सदस्यता पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया।

उन्होंने सभी सदस्यों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए आयोजन की सफ्लता के लिए गौतम सुकलेचा एवं कार्यकारिणी, संयोजक सुधीर मेहता एवं युवा साथियों की विशेष सराहना की। कार्यक्रम के अंत में महामंत्री अंशुल जैन द्वारा सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहभागियों का आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन सीए पंकज जैन द्वारा प्रभावी रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में आशीष कोठारी, खुशबू मालवीया, महेश मेनारिया, डी.एस. बाबेल, सी एस नेनावटी, शैलेष माहेश्वरी, आशीष रत्नावत, सीपी बंसल, आनंद पगारिया, कल्पेश जैन, आर.एल कुणावत, एस.सी. अजमेरा, एस.एस.सिंघवी, निर्मल सिंघवी, मनोहर लाल मेनारिया, अमित तिवारी, सुनील अग्रवाल, रमेश गर्ग, दीपक प्रजापत सहित लगभग 250 से अधिक सदस्य एवं एसोसिएशन परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की भावना के तहत गुलाबचन्द कटारिया द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। 151 वृक्ष एवं पौध रोपण अभियान सुधीर मेहता के सहयोग से किया गया।

# मुक्ति धाम सेवा समिति नागाजी की गौर की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** मुक्ति धाम सेवा समिति नागाजी की गौर की बैठक रविवार को जगदीश प्रसाद बबेरवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 13 जुलाई को चुनाव बैठक का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान गंगाराम प्रजापति, ओमप्रकाश मीणा, विनोद कुमार मीणा, प्रभुदयाल मीणा, रामसिंह मीणा, सोहनलाल मीणा, दयाराम प्रजापत, लेखराम प्रजापत, बिड़दी चंद सैनी, हजारी लाल सैनी, लीलाराम सैनी, भीखाराम सैनी, कन्हैयालाल सैनी, मुकेश सैनी, रामस्वरूप सैनी, रामरतन सैनी, राजेश सैनी, रमन सैनी, हनुमान प्रसाद गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# सैनी समाज जागृति मंच द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के चतरपुरा में सैनी समाज जागृति मंच के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकाउत्साहवर्धन किया गया ।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तम सैनी( प्रधानाचार्य ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास बबेरवाल अलवर ),रामसिंह सैनी अध्यक्ष, सैनी समाज कोटपूतली,प्रकाश तोदवाल (उपाध्यक्ष),एडवोकेट योगेश सैनी (सचिव, सैनी समाज कोटपूतली),पप्पुराम सैनी (अध्यक्ष,सैनी समाज नारायणपुर),धर्मचंद सैनी (पूर्व अध्यक्ष, सैनी समाज बानसूर) एवं पत्रकार बिल्लूराम सैनी मंचासीन रहे। जागृति मंच के अध्यक्ष फूलचंद सैनी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल सम्मान मिलता है, बल्कि आगे बेहतर करने का हौसला भी मिलता है ।समारोह में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की उपस्थिति रही ।आयोजन को सफल बनाने में आयोजक मंडल की सराहनीय भूमिका रही ।कार्यक्रम का संचालन बुधराम सैनी एवं मदनलाल सैनी ने किया।



# कठपुतली नगर में जरुरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में समग्र सेवा मिशन संस्थान की ओर से रविवार को विधवा, असहाय व जरुरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स) सिद्धांत शर्मा, समिति अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे। सिद्धांत शर्मा ने बताया कि हर माह इस तरह जरुरतमंद परिवारों को किट दिए जा रहे हैं, जिनकी संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। डॉ. ओपी टांक ने संस्था के सेवाभावी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ईश्वर इसका प्रतिफल जरूर देगा।



# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर प्रेस क्लब में होगा आयुर्वेदिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य संवाद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर पिंकसिटी प्रेस क्लब लि., जयपुर एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को प्रेस क्लब परिसर में एक विशेष नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर क्लब के सभी सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य संरक्षण, आयुर्वेदिक जागरूकता और प्राकृतिक चिकित्सा के लाभों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। शिविर का आयोजन दिनांक 1 जुलाई 2025 को दोपहर 11.00 बजे से 3.00 बजे तक किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहकर विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श और आवश्यक औषधियों का वितरण पूर्णत: नि:शुल्क करेगी।पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव मुकेश चौधरी ने बताया कि यह शिविर न केवल क्लब सदस्यों बल्कि उनके परिजनों के लिए भी उपयोगी रहेगा, जिससे सभी आयु वर्ग के लोग आयुर्वेद के लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे सपरिवार इस जनकल्याणकारी आयोजन में भाग लें। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 1.00 बजे से 2.00 बजे तक विशेष स्वास्थ्य संवाद सत्र का भी आयोजन होगा, जिसमें विशेषज्ञ ऋतु परिवर्तन, दिनचर्या, आयुर्वेदिक खानपान और मौसमी रोगों की रोकथाम के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मोनिका शर्मा ने बताया कि यह पहला अवसर है जब एनआईए के विशेषज्ञ प्रेस क्लब परिसर में प्रत्यक्ष परामर्श हेतु उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह शिविर आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने और रोगों से पूर्व बचाव की दिशा में एक प्रेरक प्रयास है।

# बाइक का लॉक नहीं टूटा तो उठाकर ले गए चोर,जयपुर में अपार्टमेंट की पार्किंग के अंदर खड़ी बाइक चोरी हुई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर के एक अपार्टमेंट की पार्किंग से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। मुंह पर कपड़ा बांधकर आए बदमाशों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लॉक नहीं टूटने पर दोनों बदमाश बाइक को उठाकर चोरी कर ले गए। मुहाना थाना पुलिस फुटेज के आधार पर बाइक चोरों की तलाश कर रही है ।पुलिस ने बताया- अलवर के शाहजहांपुर निवासी जितेंद्र कुमार (24) ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह मुहाना के दादु दयाल नगर में ट्रांयगल हाउस अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में रहता है। बुधवार रात को जितेंद्र ने अपनी बाइक अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी की थी। देर रात बदमाश चोरी की नीयत से अपार्टमेंट में घुसे। पार्किंग में खड़ी बाइक को चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह पार्किंग में खड़ी बाइक गायब मिली। पार्किंग में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर बाइक चोरी का पता चला।

सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई करतूत

अपार्टमेंट मे लगेसीसीटीवी में बाइक चोरों की करतूत कैद मिली। रात करीब 3ः15 बजे अपार्टमेंट में मुंह पर कपड़ा बांधकर दो बदमाश अंदर घुसे। बदमाशों ने लॉक तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन हेडिंग लॉक नहीं तोड़ सके। दोनों बदमाश लॉक नहीं टूटने पर बाइक को उठाकर चोरी कर ले गए। मुहाना थाना पुलिस ने बाइक चोरी की शिकायत दर्ज की। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

# .राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में कार्यस्थल पर आपसी विवादों से बचाव एवं समाधान पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग इंटर्न्स एवं नर्सिंग विद्यार्थियों के लिये हुआ कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर में शनिवार को नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग इंटर्न्स एवं नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए कार्यस्थल पर आपसी विवादों से बचने और मतभेद या विवाद की स्थिति में समाधान कैसे करें विषय पर व्याख्यान और संवाद कार्यशाला का आयोजन संस्थान सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानव संसाधन विशेषज्ञ रविकांत सैनी, शल्यतंत्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पी. हेमंत कुमार, कुलसचिव प्रो. अनीता शर्मा, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. अनुपम श्रीवास्तव एवं संकाय अध्यक्ष, पैरामेडिकल एवं सर्टिफिकेट कोर्सेस प्रो. अशोक कुमार ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रविकांत सैनी ने कार्यस्थल पर संवाद कौशल के महत्व, विवादों की संभावित स्थितियों एवं उनके प्रभावी समाधान पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह बताया कि किस प्रकार संगठन के भीतर छोटी-छोटी गलतफहमियाँ या संवाद की कमी बड़े विवादों का रूप ले सकती हैं, तथा किस तरह सकारात्मक दृष्टिकोण, उचित शारीरिक भाषा और धैर्यपूर्वक संवाद द्वारा इन्हें टाला जा सकता है। प्रतिभागियों के प्रश्नों का उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट एवं व्यावहारिक उत्तर भी प्रदान किया।



प्रोफेसर पी. हेमंत कुमार ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ और इंटर्न्स के लिए कार्यस्थल पर संवाद कौशल अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर सकें। उन्होंने इस सार्थक सत्र के आयोजन हेतु संकाय अध्यक्ष एवं उनकी टीम की सराहना की।

संकाय अध्यक्ष पैरामेडिकल एवं सर्टिफिकेट कोर्सेस प्रो. अशोक कुमार ने बताया इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों में संवाद कौशल का विकास करना था। कार्यशाला में 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों ने इस एकदिवसीय कार्यशाला को लाभकारी बताया और भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक उपाध्याय, डॉ. विश्वनाथ, डॉ. अश्विनी कुमार राणा, नर्सिंग अधीक्षक रीटा जॉय्स एवं मुरारी लाल शर्मा उपस्थित रहे।



डिजिटल भारत और पेपरलेस ऑफिस की दिशा में **यह कार्यशाला एक महत्वपूर्ण कदम - कुलपति प्रो. संजीव शर्मा**

एक अन्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में मंत्रालयिक कार्मिकों को यूनिकोड सॉफ्टवेयर और मंगल फोंट के उपयोग पर तकनीकी हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा डिजिटल भारत और पेपरलेस ऑफिस की दिशा में यह कार्यशाला एक महत्वपूर्ण कदम है। राजभाषा हिंदी को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना समय की मांग है और यह प्रशिक्षण उस दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

उप निदेशक, प्रशासन चंद्र शेखर शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि भारत सरकार की पेपरलेस मंशा की पूर्ति में संस्थान में ई ऑफिस लागू कर दिया गया है जिसमें यूनिकोड प्रशिक्षण की महती आवश्यकता थी जो आज की कार्यशाला से पूरी होगी। यूनिकोड सॉफ्टवेयर का व्यावहारिक प्रशिक्षण सहायक निदेशक राजभाषा राजेश मीणा ने दिया।

इस अवसर पर कार्यशाला में 55 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के राजभाषा अधिकारी डॉ राकेश नागर, प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह मीणा, हिंदी अधिकारी डालचंद उपस्थित रहे।

## 19 वें सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन

# प्रो. प्रशांत चन्द महालनोबिस के आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकी विकास के क्षेत्र में दिये गये योगदान पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** प्रो. प्रशांत चन्द महालनोबिस के आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकी विकास के क्षेत्र में दिये गये योगदान के उपलक्ष्य में उनके जन्मदिवस 29 जून पर 19 वें सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन कार्यालय आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में होटल हाईवे पैराडाईज में किया गया। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी बाबूलाल बैरवा ने बताया कि 19 वें जिला स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन 75 4द्गड्डह्म्द्य शद्ध हड्डह्लद्बशठ्ठड्डद्य स्ड्डद्वश्चद्यद्ग स्ह्वह्म्1द्ग4 विषय थीम के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ सेवानिवृत अधिकारी, कर्मचारी तथा सांख्यिकी विषय में रूचि रखने वाले विभिन्न व्यक्ति मुख्य रूप से प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम में



सांख्यिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर क्विज का आयोजन किया तथा वर्तमान में व्यावहारिक जीवन में सांख्यिकी के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। एडीएम ने सांख्यिकी परिवार को शुभकामनायें देते हुये कहा की समंक गुणवत्तापूर्ण व विष्वसनीय होने चाहिये। जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन आमजन के हित में हो सके। इस अवसर पर कोटपूतली-बहरोड़ जिला एक दृष्टि में फोल्डर 2025 का विमोचन किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री के उद्बोधन का लाईव प्रसारण किया गया। कार्यशाला में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी बाबूलाल बैरवा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये पंच गौरव कार्यक्रम, एस.डी.जी एवं अन्य विभागीय गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। संचालन करते हुये सांख्यिकी निरीक्षक विशम्भर दयाल गुर्जर ने प्रो. प्रशान्त चन्द्र महालनोविस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये इनके द्वारा सांख्यिकी क्षेत्र में दिये गये योगदानों के बारे में विस्तार से बताया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का किया सम्मान

## 19वें सांख्यिकी दिवस के अवसर पर प्रो. पी.सी. महालनोबिस पुरस्कार से नवाजा, सांख्यिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को प्रो. पी.सी. महालनोबिस पुरस्कार से सम्मानित किया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 19वें राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह में सांख्यिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर्थिक नियोजन एवं राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की सघन मॉनिटरिंग एवं प्रभावी क्रियान्वयन में सांख्यिकी के तार्किक एवं विश्लेषणात्मक प्रयोगों के साथ-साथ नवाचारों के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को इस सम्मान से नवाजा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने यह सम्मान टीम जिला प्रशासन जयपुर को समर्पित किया है। गौरतलब है कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में कार्यालय, संयुक्त निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय ने राज्य में सर्वप्रथम जिला स्तरीय सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2024 जारी किया गया, इसका उद्देश्य जिले की पंचायत समितियां के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित कर उनका सर्वांगीण विकास करना है। राज्य में सर्वप्रथम जयपुर जिले द्वारा जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के नियमों/अधिनियमों को सरल रूप में प्रस्तुत कर जन्म मृत्यु व विवाह पंजीकरण मार्गदर्शिका का प्रकाशन किया गया है। इससे जिले के रजिस्ट्रार उप रजिस्ट्रार एवं ई-मित्र संचालकों को लाभ मिलेगा। सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए जिला परिदृश्य व फ्लैगशिप योजनाओं की पुस्तिका का प्रकाशन किया गया, इससे राज्य सरकार की योजनाओं की विभागवार समीक्षा करने में सहायता मिलती है।



# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समारोह आयोजित, तथ्यपूर्ण, निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से डेटा एकत्र करने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस समय में सांख्यिकी क्षेत्र का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस आंकड़ों के महत्व से ही नहीं जुड़ा है बल्कि यह हमें वैज्ञानिक सोच के साथ सामाजिक और आर्थिक नियोजन के लिए प्रेरित करता है ।राज्यपाल बागडे रविवार को हरिश्चन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के सभागार में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित में विभिन्न क्षेत्रों में आंकड़ों का एकत्रीकरण, उनका विश्लेषण और उपयोग प्रभावी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण है। नीति-निर्माण के लिए डेटा आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है ।बागडे ने राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर प्रख्यात भारतीय सांख्यिकीविद् प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रो. महालनोबिस की पहल और सोच से ही देश में 1950 में नेशनल सैंपल सर्वे की की स्थापना हुई।



## सेवा भारती का मासिक प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

# हनुमान चालीसा, संस्कार गीत व भजनों के माध्यम से प्रकल्प शिक्षिकाओं को मिला मूल्य आधारित मार्गदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** संस्कारशील समाज निर्माण की दिशा में सतत प्रयासरत सेवा भारती समिति कोटपूतली द्वारा रविवार को बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में मासिक प्रकल्प शिक्षिका एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। यह वर्ग ना केवल ज्ञानवर्धन का माध्यम रहा, बल्कि शिक्षिकाओं को अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावशाली रूप से निभाने की प्रेरणा व दिशा भी प्रदान करने वाला बना। प्रशिक्षण सत्र का संचालन सेवा भारती राजस्थान प्रांत के सह मंत्री महेश कुमार गोयल ने किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रकल्पों में हनुमान चालीसा पाठ क्यों आवश्यक है विषय पर विस्तृत विचार साझा करते हुये बताया कि हनुमान जी शक्ति, भक्ति, सेवा और आत्मविष्वास के प्रतीक हैं। उन्हें अजर अमर माना गया है और उनका स्मरण बच्चों के जीवन में आत्मबल, चरित्र और श्रद्धा की नींव डालने में सहायक है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में मंगलवार व शनिवार को हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ बालकों में नियमितता, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा जागृत करता है, जिससे उनके व्यक्तित्व में आत्मविष्वास और आध्यात्मिक दृष्टिकोण का समावेश होता है। मुख्य वक्ता गोयल ने प्रशिक्षण के दौरान एक प्रेरणादायक कथा भी साझा की। जिसमें एक मूर्तिकार द्वारा बनाई गई तीन मूर्तियों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि केवल शारीरिक सुंदरता ही नहीं, बल्कि भाव, समर्पण और उद्देश्यपूर्ण निर्माण ही वास्तविकता को दर्शाते हैं। यह कहानी शिक्षिकाओं को यह संदेश देती है कि वे केवल शिक्षा नहीं दें, बल्कि भाव और संस्कारों से भी बच्चों के व्यक्तित्व को तराशें। प्रशिक्षण में शिक्षिकाओं को प्रकल्प गीतों का नियमित अभ्यास, भजन गायन, वर्तनी सुधार और निरंतर दोहराव की विधियाँ समझाई गई। जिससे बाल संस्कार केंद्रों में पाठ्यक्रम की गहराई और बच्चों की संप्रेषण शक्ति मजबूत हो सके। साथ ही यह भी सिखाया गया कि बच्चों को कैसे सरल और रोचक तरीकों से बारहखड़ी, मंत्र, जीवन मूल्य और नैतिक शिक्षाएं दी जा सकती हैं। इस अवसर पर प्रकल्प शिक्षिकाएं वंशिका सोनी, चंचल धानका , आइशा शर्मा, अम्बिका शेखवात, कुसुम तंवर, प्रिया, शेखावत,विभिन्न प्रकल्पों की शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सत्यनारायण कौशिक, रामकिशोर सैनी, सुरेंद्र बालस्या, टेकचंद टेलर, भूपेंद्र सोनी, सुरेश मीणा, विजय आर्य, महेश चंद सैनी, छाजूराम सैनी, अमरसिंह कुमावत व पुरुषोत्तम सोनी ने प्रशिक्षण में मार्गदर्शन प्रदान किया।



## सम्पादकीय

# बाढज़नित हादसों में कब तक होती रहेगी जन-धन की हानि

भारत में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2013-2022 के दशक में हर साल औसतन 8 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 66,000 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। यह 2003-2012 के दशक की तुलना में 125 फीसदी अधिक है, जब यह आंकड़ा 3.8 अरब डॉलर था।

देश में सरकारी मशीनरी की तंद्रा तब भंग होती है, जब कोई बड़ा हादसा हो जाए। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकारी तंत्र जागने के लिए बड़े हादसे की इंतजार में रहता है। पहले हुए हादसों से सबक सीखने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। इसकी प्रमुख वजह है जिम्मेदारी का अभाव। यदि यह जिम्मेदारी तय कर दी जाए कि किसी तरह के हादसे के जिम्मेदारी संबंधित विभागों के अफसरों की होगी और हादसा होने की सूरत में उन्हें सख्त सजा मिलेगी, तभी हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है। अभी मानसून की शुरुआत है। हर साल मानूसन के दौरान देश में बाढ़ जनित हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत होती है। भारी बारिश से देश को अरबों रुपयों की सम्पत्ति का नुकसान होता है। जन-धन की इस हानि की किसी जिम्मेदारी तय नहीं है। आखिर कौन हर साल होने वाले ऐसे हादसों के लिए जिम्मेदार है। हादसा होने के बाद सिर्फ लकीर पीटी जाती है। ऐसे उपाय नहीं किए जाते कि हादसों की पुनरावृत्ति नहीं हो, या फिर इनकी संख्या में कमी लाई जा सके।

भारत में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2013-2022 के दशक में हर साल औसतन 8 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 66,000 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। यह 2003-2012 के दशक की तुलना में 125 फीसदी अधिक है, जब यह आंकड़ा 3.8 अरब डॉलर था। वर्ष 2024 के नुकसान की गणना अभी बाकी है, जो इतिहास में भारत का सबसे गर्म साल रहा है। यह वृद्धि बताती है कि या तो प्राकृतिक आपदाएं अधिक बार आ रही हैं, अधिक गंभीर हो गई हैं, या दोनों ही बातें हो रही हैं।

1970 से 2021 तक का डेटा दिखाता है कि समय के साथ प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान में लगातार बढ़ोतरी हुई है। कुछ वर्षों में नुकसान की मात्रा में बड़ी छलांग देखी गई, जो विनाशकारी घटनाओं, जैसे कि बड़े चक्रवातों, बाढ़, या सूखे के कारण हुई। वर्ष 2023 में, भारत को प्राकृतिक आपदाओं से 12 अरब अमेरिकी डॉलर (एक लाख करोड़ रुपये से अधिक) का नुकसान हुआ। यह 2013-2022 के औसत 8 अरब डॉलर से काफी ज्यादा था। स्विस रे की रिपोर्ट के अनुसार, ये बड़े नुकसान उन क्षेत्रों में हुए जहां संपत्तियों और आर्थिक गतिविधियों की संख्या ज्यादा है। स्विस रे एक प्रमुख पुनर्बीमा कंपनी है, जो विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट और अध्ययन प्रकाशित करती है।

जून 2023 में, चक्रवात बिपरजॉय ने गुजरात के कच्छ जिले में भारी नुकसान पहुंचाया। इसके कारण सौराष्ट्र और कच्छ के सभी बंदरगाह, जैसे कांडला और मुंदरा बंदरगाह, बंद हो गए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 30 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 636 टोलेडो की पांचवीं परिषद, 22 बिशपों की, विसिगोथिक राजा चिंतिला द्वारा अपने शासन को मजबूत करने के लिए बुलाई गई।
- 833 द फील्ड ऑफ़ लाइज़- फ्रैंक्स के राजा लुईस द पियस को उनके तीन बेटों और पोप ग्रेगरी चतुर्थ द्वारा अलसेस में कोलमार के पास धोखा दिया गया।
- 949 ओटो द्व द ग्रेट ने यूट्रेक्ट फॉरेस्ट्रेच का बिशपिक प्रदान किया।
- 1294 यहूदियों को बर्न, स्विटजरलैंड से निष्कासित किया गया।
- 1371 हॉर्न के अर्नोल्ड द्वितीय को यूट्रेक्ट का बिशप चुना गया।
- 1377 पवित्र रोमन साम्राज्य के स्वतंत्र शाही शहर उल्म में उल्म मिनस्टर की आधारशिला रखी गई, जो 1890 में दुनिया का सबसे ऊंचा चर्च बना।
- 1397 डेनमार्क, नॉर्वे और स्वीडन ने रानी मार्गरेटा के नेतृत्व में कलमार संघ पर हस्ताक्षर किए।
- 1422 मिलान के ड्यूक और स्विस कैंटन के बीच आर्बेडो की लड़ाई।
- 1520 ला नोचे ट्रिस्टे- स्पेनिश विजेता हर्नान कॉर्टेस के खिलाफ एज़्टेक विद्रोह के बाद टेनोच्टिट्लान से निष्कासित, मोक्टेज़ुमा द्वितीय मारा गया।
- 1528 बरगंडी सेना ने उट्रेच पर कब्ज़ा किया।
- 1548 चार्ल्स ङ्क द्वारा ऑग्सबर्ग अंतरिम कानून जारी, लूथरन को कैथोलिक प्रथाओं पर लौटने का आदेश।
- 1559 फ्रांस के राजा हेनरी द्वितीय गैब्रियल डी मोंटगोमरी के खिलाफ मुकाबले में गंभीर रूप से घायल।
- 1596 अंग्रेजी और डच बेड़े ने एंग्लो-स्पेनिश युद्ध के दौरान काडिज़ में रुके स्पेन के बेड़े पर हमला शुरू किया।
- 1598 स्पेन के राजा फिलिप द्वितीय एल एस्कोरियल शाही महल में चले गए, जहां तीन महीने बाद उनकी मृत्यु हुई।
- 1607 एनालेस एक्लेसियास्टिकी (कैथोलिक धर्म का वैज्ञानिक इतिहास) प्रकाशित।
- 1643 एडवाल्टन मूर की लड़ाई- प्रथम अंग्रेजी गृहयुद्ध में राजभक्तों ने संसदीय सेना को हराया।
- 1648 फ्रांसीसी प्रीमियर कार्डिनल माजरीन ने सेंट लुइस चैंबर को एक साथ बुलाया।
- 1651 खमेलनित्सकी विद्रोह- बेरेस्टेज़्को की लड़ाई पोलिश विजय के साथ समाप्त।
- 1665 जून के दौरान ग्रेट प्लेग से लंदन में 6,137 लोगों की मृत्यु दर्ज।
- 1688 व्हिग लॉर्ड्स ने प्रिंस विलियम तृतीय ऑफ ऑरेंज से प्रोटेस्टेंटिज्म पर सवाल पूछे।
- 1700 गेल्डरलैंड ग्रेगोरियन कैलेंडर पर चला गया।
- 1704 ब्रिटिश एडमिरल्टी कोर्ट द्वारा समुद्री डकैती के लिए पहला मुकदमा, कैप्टन जॉन क्वेल्च और पांच चालक दल दोषी।
- 1722 हंगरी की संसद ने सम्राट चार्ल्स ङ्कद्व के व्यावहारिक प्रतिबंधों की निंदा की।
- 1734 रूसी सेना ने डैन्जग़ि पर कब्ज़ा किया।
- 1737 ब्रिटिश देशांतर आयुक्तों ने जॉन हैरिसन को उनकी पहली देशांतर घड़ी के सफल परीक्षण के बाद -500 का अनुदान दिया।

## विशेष आलेख

# सरस्वती नदी के किनारे बसती थी प्राचीन वैदिक सभ्यताएं



रामस्वरूप रावतसरे

**मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खुदाई में मिले छोटे-छोटे पत्थर के औजार (जिन्हें माइक्रोलिथिक टूल्स कहते हैं) यह बताते हैं कि इस जगह पर इंसानों की बस्ती अत्यंत प्राचीन समय यानी होलोसीन काल से भी पहले की हो सकती है। टीम को कई हिंदू धार्मिक वस्तुएँ भी मिलीं। इनमें 15 यज्ञ कुंड, शक्ति पूजा के लिए बनाए गए छोटे जल कुंड, और शिव व पार्वती की मिट्टी की मूर्तियाँ शामिल हैं, जो लगभग 1000 ईसा पूर्व की हैं। इसके अलावा, महाजनपद काल के भी यज्ञ कुंड मिले हैं। इनमें से ज्यादातर कुंडों में रेत भरी हुई थी और उनमें छोटे मटके थे, जिनमें बिना लिखावट वाले तांबे के सिक्के रखे गए थे।**

ऋग्वेद में वर्णित पवित्र सरस्वती नदी की जब भी लोग बात करते हैं, तो वामपंथी अक्सर इसे इतिहास नहीं, बल्कि एक मिथक (कहानी) कहते हैं। लेकिन अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने एक अहम खोज की है। राजस्थान के डीग जिले के बहज गाँव में जमीन के 23 मीटर नीचे एक प्राचीन सूखी नदी का रास्ता मिला है। यह खोज यह साबित करने में मदद कर सकती है कि सरस्वती नदी वास्तव में अस्तित्व में थी।

पेलियोचैनल एक सूखी और बंद हो चुकी पुरानी नदी का रास्ता होता है। अप्रैल 2024 से मई 2025 के बीच खुदाई में कुछ अहम चीजें मिलीं। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों का मानना है कि यह सूखा हुआ नदी मार्ग प्राचीन सरस्वती नदी का हिस्सा हो सकता है, जिसका जिक्र ऋग्वेद में है। खुदाई में यह भी पता चला कि यहाँ लगभग 3500 से 1000 ईसा पूर्व के बीच लोग रहते थे। ये सब निशान कुषाण, मगध और शुंग (या शुंगा) राजवंश के समय के हैं। भारत के पुरातात्विक इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पेलियोचैनल की खोज हुई है।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान एएसआई जयपुर के वरिष्ठ पुरातत्वविद विनय गुप्ता के अनुसार यह प्राचीन नदी प्रणाली शुरुआती मानव बस्तियों के विकास में मददगार थी और बहज क्षेत्र को बड़ी सरस्वती नदी सभ्यता से जोड़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पेलियोचैनल (सूखी नदी का मार्ग) एक अनोखी खोज है, जो यह साबित करती है कि प्राचीन जल स्रोतों ने यहाँ सभ्यता को पनपने में मदद की थी। एएसआई ने अपनी रिपोर्ट संस्कृति मंत्रालय को सौंप दी है, जो अब यह तय करेगा कि इस जगह को कैसे संरक्षित किया जाए। इस सूखी नदी के अलावा, एएसआई की टीम को मिट्टी के खंभों वाले मकानों के अवशेष, परतों वाली दीवारें, भट्ठियाँ और लोहे व ताँबे की चीजें भी मिली हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खुदाई में मिले छोटे-छोटे पत्थर के औजार (जिन्हें माइक्रोलिथिक टूल्स कहते हैं) यह बताते हैं कि इस जगह पर इंसानों की बस्ती अत्यंत प्राचीन समय यानी होलोसीन काल से भी पहले की हो सकती है। टीम को कई हिंदू धार्मिक वस्तुएँ भी मिलीं। इनमें 15 यज्ञ कुंड, शक्ति पूजा के लिए बनाए गए छोटे जल कुंड, और शिव व पार्वती की मिट्टी की मूर्तियाँ शामिल हैं, जो लगभग 1000 ईसा पूर्व की हैं। इसके अलावा, महाजनपद काल के भी यज्ञ कुंड मिले हैं। इनमें से ज्यादातर कुंडों में रेत भरी हुई थी और उनमें छोटे मटके थे, जिनमें बिना लिखावट वाले तांबे के सिक्के रखे गए थे।

ऋग्वेद में सरस्वती नदी को 'अम्बितमे, नदितमे, देवितमे' कहा गया है, जिसका अर्थ है- 'सबसे उत्तम माँ, सबसे उत्तम नदी और सबसे उत्तम देवी।' ऋग्वेद के मंत्रों में लगभग 50 बार सरस्वती नदी का उल्लेख मिलता है, जो यह दिखाता है कि यह नदी ऋग्वैदिक समाज और हिंदू धर्म के लिए कितनी महत्वपूर्ण थी। सरस्वती को 'गुप्तगामिनी' भी कहा जाता है, जिसका मतलब है, 'वह नदी जिसका प्रवाह छिपा हुआ है।' प्राचीन काल में यह एक विशाल और पवित्र नदी मानी जाती थी, लेकिन समय के साथ इसकी वास्तविकता पर विवाद शुरू हो गया।

हालाँकि अब वैज्ञानिक और पुरातात्विक खोजें यह संकेत दे रही हैं कि एक विशाल प्राचीन नदी प्रणाली वास्तव में मौजूद थी, जो ऋग्वेद के वर्णनों से मेल खाती है, फिर भी कुछ वामपंथी इतिहासकार और प्रोपेगंडा फैलाने वाले मीडिया समूह लगातार इस विषय पर सच्चे शोध को भी खारिज करते रहे हैं। वे सरस्वती को केवल एक मिथक या प्रतीकात्मक कल्पना बताने की कोशिश करते हैं, न कि एक वास्तविक भौगोलिक नदी।

2019 में आईआईटी बॉम्बे और फिजिकल रिसर्च लैब, अहमदाबाद के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक रिपोर्ट में कहा था कि उन्होंने उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानों में एक सदानीरा (हमेशा बहने वाली) नदी के प्रमाण पाए हैं। इसी नदी के किनारे प्रारंभिक हड़प्पा सभ्यता का विकास हुआ था। इससे पहले यह माना जाता था कि हड़प्पा सभ्यता पूरी तरह मानसून पर निर्भर थी, लेकिन अब शोध से यह पता चला है कि इस क्षेत्र में मौजूद घग्गर नदी के पुराने रास्ते के साथ-साथ कई हड़प्पा बस्तियाँ बसी हुई थीं। यह नदी अब मौसमी (सीजनल) बहाव वाली है, लेकिन इसके प्राचीन मार्ग सरस्वती नदी से जुड़े माने जा रहे हैं।

फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी-अहमदाबाद और आईआईटी बॉम्बे के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए संयुक्त शोध में यह बताया गया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में, आज की घग्गर नदी के मार्ग के साथ-साथ एक समय में सदानीरा (हमेशा बहने वाली) नदी बहती थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही नदी प्राचीन सरस्वती नदी थी, जिसका उल्लेख ऋग्वेद में हुआ है। शोध के अनुसार, यह सरस्वती नदी हिमालय के ऊपरी क्षेत्रों से 7000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व तक बहती रही। इसी नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता की सबसे पहली बस्तियाँ 3000 ईसा पूर्व से 1900 ईसा पूर्व के बीच बसी थीं। शोध में यह भी कहा गया है कि जब सरस्वती नदी का प्रवाह कम हुआ और अंत में समाप्त हो गया, तो इसका सीधा असर हड़प्पा सभ्यता के पतन पर पड़ा। इसके अलावा नदी और सभ्यता दोनों का पतन लगभग उसी समय हुआ जब करीब 4200 साल पहले 'मेघालय चरण' की शुरुआत हुई।

# आँचल को परचम, चुप्पी को दहाड़ कब बनाएगी स्त्री ?



हरीश शिवनानी

**पटना कांड में जिस %नई धारा % संस्था के राइटर्स रेजिडेंसी का प्रसंग बताया जा रहा है उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यह बात अब सार्वजनिक वितान में आ ही चुकी है कि रेजिडेंसी में हिंदी के एक स्त्री-द्वेषी, अश्लील टिप्पणियों के लिए बहुचर्चित, चिरविवादित वरिष्ठ कवि लेखक ने रेजिडेंसी में रह रही एक युवा कवयित्री के साथ अभद्र,अश्लील, आपत्तिजनक हरकत की है। जिसके बाद काफी बवाल मचा और अंत में बात माफ़ीनामे पर ख़त्म हुई और वरिष्ठ कवि को वहाँ से बेआबरू होकर रुख़सत होना पड़ा।**

पिछले सप्ताह पटना में हुई घटना से एक फिर यह साबित हो गया है कि स्त्री कहीं भी सुरक्षित नहीं है। और यह भी कि, वो चाहे वह गांव-देहात की अशिक्षित हो, कस्बे-कूचे की अल्पशिक्षित या फिर नगर-महानगर की उच्च-शिक्षित। इस प्रकरण ने हिंदी साहित्य के चरित्र को भी उजागर कर दिया है जो कथनी में बड़े बड़े आदर्श, नैतिकता, स्त्री-मुक्ति, उसकी गरिमा,अस्मिता और स्त्री सशक्तीकरण पर लंबे लंबे अकादमिक विमर्श रच कर उसको सात-सात सलाम ठोकता है लेकिन व्यवहार में अपने शीर्षासन को लाख-लाख जतन करने पर भी नहीं छुपा पाता। इक्कीसवीं सदी में पितृसत्तात्मकता और स्त्री सशक्तीकरण हमारे साहित्यिकों के बौद्धिक व्यायाम का प्रिय आसन रहा है। व्यवहार में इसके अर्थ-गाम्भीर्य को कितने पित्तरों या कितनी स्त्रियों को आत्मसात किया है यह विचारणीय विषय है। इसे पटना-प्रकरण से भी समझा जा सकता है। पटना कांड में जिस %नई धारा % संस्था के राइटर्स रेजिडेंसी का प्रसंग बताया जा रहा है उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यह बात अब सार्वजानिक वितान में आ ही चुकी है कि रेजिडेंसी में हिंदी के एक स्त्री-द्वेषी, अश्लील टिप्पणियों के लिए बहुचर्चित, चिरविवादित वरिष्ठ कवि लेखक ने रेजिडेंसी में रह रही एक युवा कवयित्री के साथ अभद्र,अश्लील, आपत्तिजनक हरकत की है। जिसके बाद काफी बवाल मचा और अंत में बात माफ़ीनामे पर ख़त्म हुई और वरिष्ठ कवि को वहाँ से बेआबरू होकर रुख़सत होना पड़ा। राइटर्स रेजिडेंसी के कर्ता-धर्ताओं ने माना है कि यहाँ लिखी गई कृष्ण-पटकथा वास्तविक है, कपोल कल्पित नहीं। प्रकरण का क्लाइमेक्स यह है पटकथा की सर्वाइवर और उत्पीड़क के बीच चालीस बरस का फ़ासला है। उसकी बेटी से भी छोटी। इस भदेस प्रकरण से हिंदी साहित्य की दुनिया को भी उबाल दिया। हर तरफ़ से लानत-मलानत होने के साथ ही वरिष्ठ कवि के सार्वजनिक, साहित्यिक बहिष्कार की मांग करने के साथ जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच के कड़ी भर्त्सना की तो राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ ने उसे संगठन से बाहर का ही रास्ता दिखा दिया। इन सबके बावजूद महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि समाजिक, नैतिक और सबसे बढ़कर कानूनी रूप से एक अपराध की श्रेणी में आने वाले कृत्य के आरोपी के ख़िलाफ़ कानूनी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे? पुलिस में मामला दर्ज क्यों नहीं करवाया जा रहा है ? स्त्री-मुक्ति के डंडों से पितृसत्तात्मकता के ख़िलाफ़ ढोल पीटने वाली स्वयं कवयित्री और उसकी समर्थक स्त्रीवादी कवि-लेखक समाज चुप्पी क्यों धारण करके बैठा हैं। इन पितृसत्तात्मक चुप्पियों ने ही को स्त्री को डुबोने का हथियार थमाया है। गौरतलब बात तो यह है कि पटना की घटना की सर्वाइवर किसी गांव-देहात या कस्बे की घूंघट या पल्लू ओढ़े बैठी रहने वाली कोई परंपरागत महिला नहीं, शहर की आधुनिक उच्च शिक्षित, आधुनिक, बिंदास जीवन शैली जीने वाली हिंदी-अंग्रेजी साहित्य की अध्येता है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान




रामसिंह चौधरी
( डिप्टी एसपी राज.पुलिस )

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार और जांबाज और इंटेलिजेंट डिप्टी एसपी राम सिंह चौधरी। जो इस समय टोंक जिले में डिप्टी एसपी पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बहुत बेहतरीन शानदार और खूबसूरत तरीके से पुलिसिंग करने वाले पुलिस अधिकारी के रूप में राम सिंह चौधरी को जाना जाता है ।जब यह सब इंस्पेक्टर थे तो अलवर के एमआईए थाने में एक फैक्ट्री से गार्ड की हत्या कर फैक्ट्री में लूट की वारदात को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गए थे ऐसे में तत्कालीन एसपी उमेश चंद्र दत्ता ने इन पर विश्वास जताते हुए उन अपराधियों को 48 घंटे में पकड़ कर लाने का आदेश दिया। अपने अधिकारी का आदेश सर आंखों पर रखते हुए दिन रात मेहनत कर दो ही दिन में अपराधियों को दूसरे राज्यों में अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित होते हुए दबोच लिया । अलवर शहर कोतवाली पद पर रहते हुए उनके समय एक राष्ट्रीय स्तर की सनसनीखेज वारदात हुई जिसने शहर के लोगों में दहस्यतऔर खौफ पैदा कर दिया। शहर में लोगों को कटे हुए हाथ और पांव हर दिन मिल रहे थे , ऐसे में पुलिस के आगे एक बड़ी चुनौती थी कि आखिर अपराधी है कौन? पुलिस की रात की नींद हराम हो गई और आम आदमी में उसे हत्यारे के पास दहशत के भाव पैदा हो गए । ऐसे में डिप्टी एसपी सिटी तत्कालीन जयसिंह नाथावत के निर्देशन पर शहर कोतवाल राम सिंह चौधरी ने अपनी टीम गठित कर डोर टू डोर सर्वे किया और अपराधी चूचू को गिरफ्तार कर आम जनता को राहत दी । चूचू ने अपनी ही पत्नी का कभी हाथ कभी धड़ कभी सर और कभी पांव काट काट कर अलग-अलग जगह फेंक दिए ताकि पुलिस इसी उधेड़बुन में लगी रहे और वह पकड़ा ना जाए लेकिन जांबाज अधिकारी ने अपनी टीम की मदद से उसे अपराधी तक पहुंचने में सफलता हासिल की बहुत शानदार और जांबाज पुलिस अधिकारी के रूप में राम सिंह चौधरी को जानते हैं लोग व्यवहार कुशल है और लोगों के प्रति पुलिस का शानदार व्यवहार इनके जरिए देखने को मिलता है दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण | बढ़ता राजस्थान

# भारत की राजनीति के चाणक्य थे पीवी नरसिम्हा राव, एक हादसे की वजह से बन गए थे पीएम

भारत की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले पूर्व पीएम नरसिम्हा राव का 28 जून को जन्म हुआ था। उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति में सुधार और आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए थे।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव का आज ही के दिन यानी की 28 जून को जन्म हुआ था। देश में आर्थिक सुधारों का श्रेय पीवी नरसिम्हा राव को जाता है। क्योंकि उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति में सुधार और आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए थे। उनको भारत की राजनीति का चाणक्य कहा जाता था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर भारत के पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और शिक्षा

आंध्र प्रदेश के करीमनगर में 28 जून 1921 को पीवी नरसिम्हा राव का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा पूरी करने के बाद हैदराबाद के उस्मानिया यूनिवर्सिटी, मुंबई विश्वविद्यालय और नागपुर यूनिवर्सिटी से अपनी पढ़ाई पूरी की थी।

पीवी नरसिम्हा राव ने बतौर वकील अपने करियर की शुरूआत की, लेकिन बाद में वह राजनीति में आए। साल 1962 से 1964 तक आंध्र प्रदेश में वह कानून और सूचना मंत्री फिर साल 1967 तक कानून और विधि मंत्री, फिर 1967 में स्वास्थ्य और चिकित्सा मंत्री और 1968 से 1971 तक शिक्षा मंत्री रहे। वहीं साल 1971 से लेकर 1973 तक वह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। साल 1975 से 1976 तक वह अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव पद पर रहे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

**वृष**

वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**मिथुन**

मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**कर्क**

कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

**सिंह**

सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या**

कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**

तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक्?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

**धनु**

स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**मकर**

मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

**कुंभ**

कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

**मीन**

मीन राशि के लोगों का दिन सफलता और संतुलन दोनों लेकर आया है। कठिन समय खत्म होता दिख रहा है। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे और विरोधियों पर विजय मिलेगी। खानपान पर ध्यान देना जरूरी है वरना पेट की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# प्रतिभाओं को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन की है आवश्यकता- तनिषा सैनी

## प्रतिभाएं हमारे देश की धरोहर सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में सैंकड़ों प्रतिभाओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलोनी में स्थित सामुदायिक भवन में तनीषा सनातनी व अशोक फिटनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह संयोजक तनीषा सनातनी ने कहा कि समाज में संस्कारित व सेवाभावी नागरिक तैयार करने के लिए ऐसे आयोजनों के साथ ही सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से प्रतिभाओं का मनोबल बढता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाएं हमारे देश की धरोहर है। इनका संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने



बताया कि हमारा उद्देश्य प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाकर उच्च शिक्षा में रुचि पैदा करना है। एडवोकेट सतवीर गुर्जर द्वारा टॉपर प्रतिभाओं के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। राजेश कनेसर ने बताया कि समारोह में गौ माता का पूजन भी किया गया और सभी प्रतिभाओं को गो सेवा करने के लिए प्ररित किया गया। समारोह का संचालन प्रेम गंगाड़ा ने किया। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा व अशोक लांगडी ने बताया कि समरोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, समाजसेवी सीताराम मीणा, सेवानंद शिक्षा समिति के निदेशक रूपसिंह अधाणा, प्रमुख समाजसेवी प्रमिला खंडेलवाल व समारोह संयोजक तनीषा सनातनी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली करीब 150 से अधिक प्रतिभाओं को मोमेंटो, दुपट्टा व श्रीमद् भगवत गीता की पुस्तक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में रामकल्याण चौधरी, शिवराज जाट, विष्णुदत्त शर्मा, रामावतार माली, दयाराम गुर्जर, राजवीर गुर्जर, बनवारी वर्मा, धर्मराज किवाड़ा, मनीषा राजवंशी, निकिता दाधीच, मुकेश प्रजापत, गणेश सैनी, योगेश बैरवा, रवि सैनी, गोविन्दनारायण शर्मा, शिवराज पारासर व निवाई तहसील सहित टोंक, सवाई माधोपुर, चाकसू व दौसा सहित कई जिलों के आसपास के क्षेत्रों से प्रतिभाओं का चयन किया गया और उनके साथ उनके माता-पिता का भी सम्मान किया गया।

## भाजपाईयो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुनी मन की बात

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षेत्र के भाजपाईयो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 123वें संस्करण को ध्यान से सुनकर इस पर अमल करने का संकल्प लिया।रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 123वें संस्कारण का टीवी व रेडियो पर सीधा प्रसारण हुआ। इस





प्रसारण को जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने अपने जयपुर स्थित आवास पर देखा। इस दोरान चौधरी के साथ भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र जैन नीटू, चौधरी के ओएसडी व राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शंकरलाल सैनी सहित उनके सभी स्टाफ सदस्य मौजुद रहे। इधर मालपुरा में भाजपा शहर मंडल कार्यालय पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भाजपाईयो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के123वें संस्करण को देख और सुना। साथ ही सभी भाजपाईयो ने प्रधानमंत्री के संदेश को जीवन में उतारकर राष्ट्र हित में जुट जाने का संकल्प लिया। इस दौरान महामंत्री सुनील उर्फ बबलू सैनी, कन्हैयालाल शर्मा, पवन जैन संगम, दशरथ शर्मा, सुरेश शर्मा जानकीपुरा, पार्षद बाबूलाल नावरिया,कमल सेनी,अशोक सिन्धी, सुरेश प्रजापत, शिवराज गंवारिया, शंकर सैनी सहित अन्य कई भाजपाई मौजुद रहे।

## बजरी से भरा एक डंपर व ट्रेलर जब्त,चालक गिरफ्तार,

### सदर पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में 2 आरोपी चालकों को गिरफतार करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेलर व एक डम्पर को जब्त किया है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेलर व डम्पर को जब्त किया गया है। पुलिस आरोपी राहुल पुत्र रामप्रकाश जाट निवासी कल्याणपुरा थाना उनियारा व गणेश कुमार पुत्र बाबूलाल माली निवासी पनवाड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चालकों व मालिकों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन से गिरने से युवक की मौत, मृतक जयपुर उच्च न्यायालय में था अधिवक्ता के पद पर

### मुम्बई अपने ससुराल से परिवार के साथ आ रहा था अपने गांव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** मुंबई-जयपुर जाने वाली ट्रेन से रविवार को सुबह करीब 10.30 बजे चनानी व निवाई रेलवे ट्रेक के समीप एक युवक की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई।



सुचना पर निवाई थाना अधिकारी व रेलवे पुलिस सब इंस्पेक्टर संदीप मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के क्षत विक्षत शव को कब्जे में लेकर निवाई उप जिला अस्पताल मार्चरी में रखवाया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी। पुलिस सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने ने बताया कि रविवार को सुबह करीब 10:30 बजे मुंबई से जयपुर जाने वाली ट्रेन से चनानी व निवाई रेलवे ट्रेक के समीप एक युवक का संतुलन खराब होने से वह गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक नरेंद्र सिंघवी (33)पुत्र इंद्रलाल सिंघवी निवासी बाड़मेर अपने ससुराल मुंबई में छुट्टियां मनाने के बाद पत्नी व चार वर्षीय बच्ची के साथ मुंबई-जयपुर ट्रेन से लौट रहा था। वह जयपुर हाई कोर्ट में एडवोकेट था। मृतक के परिजन जयपुर से निवाई उपजिला अस्पताल पहुंचने पर पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय बेहतर शिक्षा, रोजगार व खेलकूद के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना हुआ है- ठा. तनुज सैगर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय के नए सत्र 2025 प्रारंभ से पूर्व डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय के पीआरओ ठा.



तनुज सैगर ने बताया कि डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय समाज के कोने कोने में बेहतर शिक्षा, रोजगार व खेलकूद के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना हुआ है, जिसमें गांव व शहर के युवा बेहतर शिक्षा प्राप्त कर विश्वविद्यालय प्लेसमेंट के माध्यम से सरकारी व प्राइवेट संस्थानों में अपनी सेवाए दे रहे है। इसी के साथ विश्वविद्यालय के छात्र एंव छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तरीय खेलों इंडिया व ऑल इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स मे मेडल प्राप्त कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ. देवेंद्रकुमार मोदी की सोच है कि अच्छी शिक्षा व अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की मदद से सभी छात्रों को पांच लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य इलाज ( आयुष्मान कार्ड ) प्रदान किये जाएँगे। तथा सरकार की विभिन्न योजनाएं जिससे छात्रों को लाभ मिले उन सभी को प्रदान करने का प्रयास जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय मे जो छात्र शिक्षा प्राप्त करने के साथ साथ सरकारी नौकरी व परीक्षा की तैयारी कर रहे है उनको विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की मदद से परीक्षा तैयारी से संबंधित विषयों पर अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## टोंक में छाए काले घने बादल, बारिश का इंतजार:24 घंटे में कहीं भी नहीं हुई बरसात; बीसलपुर बांध का जलस्तर स्थिर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक जिला मुख्यालय समेत जिलेभर में बीते 24 घंटे में कहीं भी बारिश नहीं हुई है। ऐसे में इस सीजन का यह पहला दिन है जो कि सूखा निकला है । यानी कि बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक जिले के रेन गेज सेंटरों पर बारिश दर्ज नहीं हुई है। बीसलपुर बांध का जल स्तर रविवार को नहीं गिरा है। हालाँकि आज बढ़ा भी नहीं है। लगातार दूसरे दिन आज बीसलपुर बांध का जल स्तर स्थिर रहा है । आज बांध का जल स्तर 312.56 आर एल मीटर है। मौसम रविवार को भी सुहावना बना हुआ है। बीते 24 घंटे में मौसम में अभी तक कोई बदलाव दिखाई नहीं दिया। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार बने हुए है। वहीं न्यूनतम तापमान दूसरे दिन भी 26 डिग्री सेल्सियस रहा। टोंक में जिला मुख्यालय समेत जिले के अधिकांश हिस्सों में फिर बीते 24 घंटे मे कई बारिश नहीं हुई है। इस सीजन में 14 दिन में यह पहला दिन है जब बारिश नहीं हुई है।

## भाजपा श्योपुर मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल सैनी का रामाज में किया सम्मान,रामाज रिर्सोट की व्यवस्थाओं पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भाजपा श्योपुर मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का रामाज ग्रुप के चेयरमैन महावीर टेलर व रामावतार टेलर के नेतृत्व में साफा, माला व दुप्पटा पहनाकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष गोपाल सैनी ने रामाज रिर्सोट का अवलोकन करके रामाज रिर्सोट की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्य चर्चा की एवं रामाज परिवार की सराहना की। इस अवसर पर पार्षद महेंद्र शर्मा, डॉ.जितेंद्र कोठारी, मोहित टेलर, कपिल लाटा, राघवेंद्र, अजय शर्मा, मोहन जोशी, कल्पज्ञ गौतम, सुरेंद्र सिंह, जय टेलर, अखिल द्विवेदी, जगदीश मीणा व सीताराम विजयवर्गी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




भाजपा श्योपुर मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल सैनी को सम्मानित करते हुए रामाज परिवार।

## श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर समिति प्राचीन पर्वो के प्रति जागरूकता लाने का करेगी प्रयास

### देवदशनी एकादशी के दिन गुड्डी बोलावनी का पर्व सामूहिक रूप से मनाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर विकास समिति पुराने व प्राचीन पर्वो के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से देवशयनी एकादशी के दिन गुड्डी बोलावनी का पर्व सामूहिक रूप से मनाने का निर्णय लिया।

समिति की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राय: देखा जा रहा है कि युवा पीढ़ी प्राचीन पर्वो के प्रति रूचि कम लेने लगा है। जिसके चलते प्राचीन पर्वो के मनाने की परम्परा या तो लुप्त होती जा रही है या फिर कम होती जा रही है। समिति ने सामूहिक रूप से निर्णय लेकर भारतीय धार्मिक संस्कृति के परिचायक प्राचीन पर्वो के प्रति लोगो की जागरूकता बढ़ाने एवं इनको ओर अधिक रूचिकर बनाने के प्रयास प्रारम्भ किए गए हैं। इसी कड़ी में समिति ने आगामी 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी पर मनाए जाने वाला गूड्डी बोलावनी का पर्व सामूहिक रूप से मनाने का निर्णय लिया है। इस पर्व पर महिलाऐं बालिकाऐं सखी सहेलिया घरो से कपड़ो की गुडिया बना कर तालाब किनारे पहुंच कर इनको तालाब के पवित्र पानी में विदा करती है। साथ ही घरो में बनी गुड़ की लापसी व गैंहु की घूघरी का भोग भी लगाया जाता है। इस बार 6 जुलाई को समिति के तत्वावधान में लोकपर्व गुड्डी बोलावनी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत शहर की महिलाऐं बालिकाऐं सखे सहेलिया घरो में गुड्डी बनाकर श्र्ङ्गे छतरेश्वर महादेव मन्दिर के पास तालाब किनारे विदा करेगी। इस दोराल सर्वश्रेष्ठ गुड्डी बनाकर लाने वाली महिला का समिति की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

## एक संसदीय क्षेत्र, दो संभाग, कैसे हो क्षेत्रीय विकास

### टोंक- सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र का मामला, दोनों जिलों को एक ही संभाग में रखने के लिए सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर टोंक संसदीय क्षेत्र में दोनों जिलों के प्रशासनिक अमले, अलग-अलग संभाग एवं को लेकर जिले की भौगोलिक स्थिति सर्व समाज जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. नगेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश की उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष डॉ. ललित के पंवार को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में बताया कि जिले के टुकड़े होने के बाद भी यहां की भौगोलिक एवं प्रशासनिक स्थितियां बदल गई है। ज्ञापन में बताया कि सवाईमाधोपुर-टोंक संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलों के संभाग अलग होने से यहां परिस्थितियां विचित्र बन गई है। टोंक के अजमेर एवं सवाईमाधोपुर के भरतपुर संभाग में होने से दोनों जिलो का विकास भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही यहां की प्रशासनिक कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। इस दौरान शर्मा ने पंवार से मिलकर जिले के भौगोलिक परिक्षेत्र पर चर्चा की। साथ ही सवाईमाधोपुर-टोंक को एक ही संभाग में रखने अथवा सवाईमाधोपुर को संभाग बनाने की मांग रखी। साथ ही बताया कि पूर्व में जिले में से कुछ उपखंडो को हटाकर दौसा व करौली जिला बनाने से जिले का क्षेत्र कम हो गया। यहां सीमेंट फैक्ट्री बंद होने, गैस बोटलिग प्लांट सहित कई इकाईयां बंद होने से विकास के सभी रास्ते बंद हो गए। जिले के विकास को लेकर सवाईमाधोपुर जिले में इन्दरगढ़ व उनियारा को सम्मिलत करते हुए संभाग बनाने की मांग की। इस अवसर पर टोंक व सवाईमाधोपुर से हुसैन शाह सदर, सत्यनारायण शर्मा, राकेश शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, विजय कुमार गूर्जर, घनश्याम मीणा आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

## भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी मोदी के मन की बात

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के पदाधिकारियों ने आज जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की उपस्थिति में सुना । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 123वें संस्करण मेंजनता से सीधा संवाद करते हुए राष्ट्र निर्माण के अनेक पहलुओं पर विचार साझा किए, किसान कल्याण से लेकर युवा उत्थान तक, वैज्ञानिक नवाचार से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक, महिला सशक्तिकरण से लेकर पर्यावरण सरंक्षण तक, स्वच्छ भारत से लेकर सांस्कृतिक विरासत तक, हर विषय पर प्रधानमंत्री के विचार प्रेरणा से भरपूर और दिशा देने वाले रहे ।




प्रधानमंत्री ने आपातकाल की विभीषिका को याद करते हुए लोकतंत्र की मूल भावना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता की शक्ति को नमन किया, और कहा कि आपातकाल इतिहास की याद नहीं बल्कि लोकतांत्रिक चेतना का आह्वान था । मन की बात कार्यक्रम आज सिर्फ रेडियो कार्यक्रम नहीं बल्कि भारत के करोड़ों नागरिकों से संवेदनात्मक जुड़ाव का माध्यम है, यह संवाद वह है जिससे अतीत की सीख मिलती है, जिससे कार्यकर्ता की वर्तमान की जिम्मेदारी तय होती है और भविष्य के संकल्प जागते है। हर माह की अंतिम रविवार को यह आवाज़ भारत की आत्मा को छू जाती है यह वास्तव में राष्ट्र के मन की बात है । भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिले के प्रत्येक मंडल सहित 150 से अधिक शक्ति केंद्रों पर इस कार्यक्रम को सुना । इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश जैन, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारण धाकड़ ,मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, ओम सुवालका, मुकेश शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## लक्खी पदयात्रा का पोस्टर कलाधणी को किया अर्पण

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा की सुविख्यात छोटी काशी के नाम से जानी जाने वाली धार्मिक नगरी डिग्गी में आयोजित



हारेने वाले लक्खी पदयात्रा के प्रचार प्रसार के लिए जारी पोस्टर रविवार को कलाधणी के अर्पण किया गया।60वीं लक्खीपदयात्रा संयोजक श्रीजी शर्मा ने बताया कि 30 जुलाई को जयपुर के ताड़केश्वर मन्दिर से पूजा अर्चना के बाद 60वीं लक्खीपदयात्रा का ध्वज रवाना होगा। यह ध्वज 4 अगस्त को डिग्गी धाम पहुंचेगा। इस लक्खी पदयात्रा को लेकर जारी पोस्टर रविवार को संयोजक श्रीजी शर्मा ने पूजा अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री कल्याण जी महाराज के अर्पण किया गया। साथ ही 60वीं लक्खी पदयात्रा सकुशल आनन्दपूर्वक सम्पन्न करवाने की कामना की गई।

## जार के जिला शपथ ग्रहण समारोह में मालपुरा से पत्रकारो का प्रतिनिधि मंडल लेगा भाग

### समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र से जर्नलिष्ट एसोशिसन से जुड़े पत्रकारो का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेगा। इसको लेकर रविवार को जार के मालपुरा ब्लाक अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन की अध्यक्षता में चर्चा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जिला प्रतिनिधि कृष्णचन्द्र विजय (रामजीलाल विजय) , उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह नरूका, मंत्री प्रहलाद शर्मा, कोषाध्यक्ष महेन्द्र जैन, सदस्य अर्पित पारीक सहित अन्य पत्रकार शामिल हुए। बैंठक में हुए निर्णय के अनुसार सोमवार को जार के मालपुरा ब्लाक अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन के नेतृत्व में पत्रकारो का प्रतिनिधिमंडल सुबह 8 बजे व्यास बजे वाहन द्वारा रवाना होकर जिला मुख्यालय पर आयोजित जार की जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होगा। गौरतलब है कि इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी होगे।

## गांव रजवास में वीर तेजाजी मंदिर के पास आम रास्ते में भरा हुआ है गंदा पानी,पानी में गिरने से हुए कई लोग घायल,ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत रजवास में वीर तेजाजी मंदिर के आस-पास के क्षेत्र में स्थित गहरे गढडों में बरसात के पानी के भराव



होने से गंदगी हो रखी है। पानी से भरे गहरे गढडों में आए दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है। पूर्व वार्ड पंच सूरज गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि तेजाजी मंदिर के आस-पास के क्षेत्र में कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है जिससे आए दिन हादसे से हो रहे हैं। कई बार पानी से भरे इन गहरे गढडों में ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गए है। उन्होंने बताया कि आम रास्ते में हो रहे गहरे गढडों में से छोटे साधन तो निकल ही नहीं सकते हैं। इससे आमजन को को बहुत परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया लेकिन आज तक इस समस्या का कोई निस्तारण नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने उक्त समस्या का शीघ्र समाधान करवाने व आम रास्ते को सुचारू करवाने की मांग की है।

## बजरी से भरा एक ट्रेलर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त,चालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेलर व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करके चालक को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव चिरोंज मण्डावर रोड से अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्रॅली को जब्त किया है। जिसमें करीब 4 टन अवैध बजरी भरी हुई थी। इसी प्रकार पुलिस थाने के सामने से जा रहे बजरी से भरे एक ट्रेलर को जब्त किया है जिसमें करीब 63 टन बजरी भरी हुई थी। उन्होंने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन मामले में वाहन चालक बुद्धीप्रकाश पुत्र रामकिशन मीणा निवासी श्याला सुखपुरा थाना नगरफोर्ट जिला टोंक को गिरफ्तार करके पुलिस ने चालकों व मालिकों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वन राज्यमंत्री ने वाटर हार्वेस्टिंग कार्य का किया शुभारम्भ

# पर्यावरण संरक्षण के साथ ही जल संरक्षण वर्तमान समय की महत्ती आवश्यकता- वन मंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को रोटरी क्लब अलवर फोर्ट द्वारा जल संचय संकल्प अभियान के अंतर्गत आदर्श विद्या मंदिर स्कूल स्कीम 4 में भामाशाह गोपी साधवानी के सहयोग से निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग कार्य का शुभारम्भ किया। वन रा%यमंत्री श्री शर्मा ने संबोधन देते हुए कहा कि बूंद-बूंद जल का संरक्षण आज के समय की महत्ती आवश्यकता है, इस दिशा में शहर में जल संरक्षण हेतु रोटरी क्लब अलवर फोर्ट द्वारा पिछले 8 वर्षों से उगेखनीय कार्य किए जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक स्रोतों के दोहन से प्रकृति में असंतुलन उत्पन्न हो गया है, जिसकी वजह से पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल और केंद्रीय वन मंत्राी श्री भूपेंद्र यादव के प्रयासों से केंद्र एवं रा%य सरकार द्वारा चार रा%यों में फैली अरावली पर्वत श्रंखला का संरक्षण कर उसे हराभरा बनाने का कार्य किया जा रहा है, इससे अरावली पर्वत श्रृंखला से निकलने वाली नदियां भी पुनर्जीवित होगीं।मंत्राी शर्मा ने अलवर शहर में जल संरक्षण के लिए किया जा रहे कार्यों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्राी भजनलाल शर्मा के विशेष सहयोग से नटनी के बारां से जयसमंद बांध तक 40 करोड रुपए की लागत से नहर का पुनरुद्धार कार्य एवं 8 करोड रुपए की लागत से भाखेड़ा एनीकट का जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा, जिससे बढी मात्रा में वर्षा जल को संरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बाला किला क्षेत्रा में तोपवाले हनुमान जी के पास नगर विकास न्यास द्वारा 27.50 लाख रुपए की लागत से माटिया कुंड तथा लगभग 10 करोड रुपए की लागत से प्रतापबंध के पास जोहड़ी, भुरासिद्ध में एनीकट एवं अखैपुरा में जरख वाला नाला पर एनीकट निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खुदनपुरी के जोहड का जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है, साथ ही लड्डूखास की बगीची को अतिक्रमण मुक्त कर नगर निगम के माध्यम से निर्मित जोहड में पहली वर्षा में पानी की आवक भी हुई है। हमारा प्रयास है कि शहर के आसपास के सभी जोहड, पोखर व बावड़ियों का जीर्णोद्धार कर जल संरक्षण का कार्य करें, वहीं विजयनगर व बुद्ध विहार आदि क्षेत्रों में भी पुराने कुओं में यूआईटी के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्राी श्री भजनलाल शर्मा के विशेष सहयोग से गत बजट में स्वीकृत 5 करोड़ की राशि से 35 ट्यूबवेल आवंटित हुए तथा इसके अतिरिक्त जलदाय विभाग मंत्राी श्री कन्हैयालाल चौधरी के सहयोग से 71 नए ट्यूबवेल एवं 82 ड्राई ट्यूबवेल को पुनरू गहरा करने के लिए बजट का आवंटन किया गया, जिससे शहर में पानी की समस्या से काफी हद तक निजात मिली। उन्होंने कहा कि अलवर को स्व%छ और श्रेष्ठ अलवर बनाना हमारा संकल्प है।

## कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशन पर प्रदेश सचिव एवं बहरोड़ प्रभारी प्रद्युमन सिंह राठौड़ दो दिवसीय बहरोड़ दौरे पर रहे। जिसमें उन्होंने अलवर रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक की ।जिसमें बूथ लेवल एजेंट के काम पर विस्तृत चर्चा की गई । तथा नवनियुक्त बर्डोद नगर अध्यक्ष लीलाराम सैनी एवं मांढण नगर अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता का साफे और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा निर्देशित संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकारणी, मण्डल अध्यक्ष कार्यकारणी, बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए का काम पूरा हो चुका है । नवनियुक्त नगर अध्यक्षों को सात दिन के अंदर अपनी कार्यकारणी बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं । तथा उसके बाद पंचायत स्तर पर एवं बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने का काम किया जायेगा।इस मौके पर नेशनल कॉर्डिनेटर शर्मीला यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विकास शेखावत, शहर अध्यक्ष पंकज स्वामी, नगर अध्यक्ष लीलाराम सैनी, नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, राज राजेश्वर सिंह, लेखराम पनवाल, बलवंत ठेकेदार, प्रकाश कुमार,योगेश यादव,रजनेश यादव,लोकेश राहुल यादव,गौरव शर्मा ,आशीष सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## गेंगेस्टर को फॉलो क़रने वाला राहुल बॉक्सर गिरफ्तार


### बानसूर वृत्तक्षेत्र के थाना नारायणपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के थाना नारायणपुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गेंगेस्टर को फॉलो क़रने वाले को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि राजस्थान पुलिस का आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर को क़ायम रखने के लिए राजस्थान पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार गेंगेस्टरों को फॉलो क़रने तथा हथियार के साथ अपना फोटो सोशियल मिडिया पर डालना क़ानूनन जुर्म है। इसको लेकर जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक जयपुर अजयपाल लाम्बा, पुलिस उपमहानिरीक्षक व सह जिला पुलिस अधीक्षक जिला कोटपूतली बहरोड़ के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान की पालना में यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अक्षिक्षक वैभव शर्मा और बानसूर वृताधिकारी दशरथसिंह के निर्देशन में इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ अभियान के लिए मुझ सहित हैडकांस्टेबल सज्जनसिंह,कांस्टेबल राकेश व सतीश कुमार को शामिल किया गया था।टीम के गठन के बाद टीम के सदस्यों ने लगातार कार्यवाही करते हुए सैट्रल बैंक के पीछे निवासी नारायणपुर के राहुल उर्फ़ बॉक्सर पुत्र अजय कुमार जाति अहीर आयु 25साल को गिरफ्तार किया है।

## जगन्नाथ मेले के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, बच्चों ने उठाया झूलों का लुत्फ

बढ़ता राजस्थान



राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)। कस्बे के बांदिकुई मार्ग स्थित गंगाबाग में जन-जन के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ जी महाराज के मेले में रविवार को महिला-पुरूष एवं बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग तथा रात को स्थानीय लोग मेले में अपने परिवार सहित मेले में भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए पहुंचे। मेले में लोग चाट, पकौड़ी सहित विभिन्न व्यंजनों का लुफ्त उठा रहे हैं। मेला स्थल पर सजी अस्थाई दुकानों से महिलाओं ने मनिहारी, श्रृंगार सहित घरेलू सामग्री की खरीददारी की वहीं बच्चों ने खिलोनों की खरीददारी की। मेले में लगे सर्कस, झूलें, मिक्की माउस में बच्चों ने आनंद उठाया। पण्डित मदनमोहन शास्त्री व पंडित रोहित शर्मा ने बताया कि मेले के तीसरे दिन मंदिर में सुबह 5 बजे मंगला आरती में श्रद्धालु व महिलाओं का तांता लगा रहता है। श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन कर मंगला आरती लेते हैं। उन्होंने बताया कि 30 जून को ठिकाना गंगाबाग के महंत भगवान जगन्नाथ जी को बारात का निमंत्रण देने मंदिर में पहुंचेंगे। वहीं 1 जुलाई को रात 8 बजे भगवान जगन्नाथ व माता जानकी का वरमाला महोत्सव होगा। उन्होंने बताया कि वरमाला महोत्सव के लिए भगवान जगन्नाथ जी महाराज को व माता जानकी को 11 फीट की माला व 6-6 फीट की अलग-अलग मालाएं दिल्ली व जयपुर से तैयार करवाई गई है। वरमाला महोत्सव में भगवान जगन्नाथ जी को वृंदावन की पोशाक धारण करवाई जाएगी।

## राजगढ़ के तालाब गांव निवासी देवेन्द्र जोशी का राज्य स्तर पर हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** शनिवार को जयपुर में 29वें भामाशाह सम्मान एवं प्रेरक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राज्य के 91 भामाशाह प्रेरकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के तालाब निवासी कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार जोशी जो की वर्तमान में शिक्षामंत्री कार्यालय में कार्यरत हैं को राज्य स्तरीय भामाशाह प्रेरक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, निदेशक सीताराम जाट और शासन सचिव कृष्ण कुणाल भी मौजूद रहे। सभी सम्मानित प्रेरकों को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल और बैग भेंट किए गए। जोशी को यह सम्मान इनके द्वारा कम्प्युकॉम सोफ्टवेयर लिमिटेड एवं होंडा मोटर्स को 57 लाख रुपए के दान के लिए प्रेरित किया।

## विधायक आवास पर कार्यकर्त्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी और दूरदर्शन पर देखी

बढ़ता राजस्थान



बानसूर(धीरज मौर्य)। विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल नीमूचाना में अलवर उत्तर के कार्यकर्त्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 123 वाँ एपिसोड बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत के निवास स्थान पर देखा और सुना। कार्यक्रम के बाद विधायक देवीसिंह शेखावत ने कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से पहले और उसके बाद नहीं देखा!उन्होंने कहा कि देश अर्थव्यवस्था जिस तेज गति से आगे बढ़ रही है विश्व की कोई अर्थव्यवस्था नहीं है। शेखावत ने कहा कि आमजन के लिए स्वरोजगार के दरवाजे खुले हैं जिससे देश की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है। इसी कार्यकाल में वह दिन दूर नहीं जब भारत की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। शेखावत ने कहा कि भारत जिस तेजी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है दुनियां देख रही है। हम सब कार्यकर्त्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि अन्तिम व्यक्ति तक केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाएँ और उसका प्रचार प्रसार करें। जिससे हम सब पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत बनाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकें।वहीं मन की बात कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चलाए जा रहे हैं संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत मंडल नीमूचाना की बैठक मण्डल अध्यक्ष कांता सत्येंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत रहे, विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री जयप्रकाश शर्मा,विधानसभा संयोजक अशोक बरगड़, एडवोकेट संकेत लाटा, मंजू शर्मा,दयाराम गुर्जर, रविकांत शर्मा, जयचंद सैनी, विजय गोठवाल, सरपंच देवी सिंह कराना, ओमपाल सिंह पंच, पप्पू राम सैनी,मनोज प्रजापत,मामराज प्रजापत,महेश चंद राजवानी, जगमोहन सिंह शेखावत,निहाल सिंह, ओम प्रकाश यादव, राकेश जाट सहित अनेक भाजपाई मौके पर उपस्थित रहे।

## कपकजा रीयूनियन - एक्सपो 2025 का पोस्टर विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** कपकजा रीयूनियन - एक्सपो 2025 का शनिवार को एक होटल में पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष जी पी शर्मा, उपाध्यक्ष प्रयागराज विजयवर्गीय, महासचिव दिनेश चंद सैनी, संयुक्त सचिव डॉ. श्रीमती रितु सिंह, कोषाध्यक्ष जयसिंह शेखावत, रीयूनियन - एक्सपो कमिटी प्रमुख एन राम और समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहें । इस अवसर पर अध्यक्ष श्री जी पी शर्मा ने बताया कि कपकजा रीयूनियन - एक्सपो 2025 का भव्य आयोजन 13 सितम्बर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर पर आयोजित किया जाएगाए जिसमे पहली बार रीयूनियन के साथ ही बिज़नेस एक्सपो का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें हमारे एलूमनी एसोसिएशन के सदस्य तथा अन्य कंपनियां भी अपने उत्पाद और सर्विस प्रदर्शित कर सकेंगे । एसोसिएशन महासचिव श्री दिनेश चंद सैनी ने अवगत कराया कि बहुप्रतीक्षित रीयूनियन एवं एक्सपो 2025 में एल्युमिनी के बिजनेस को गति प्रदान करनेए सदस्यों में आपसी सौहार्द बढ़ाने एवं परिवार के सदस्यों के लिए कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । उन्होंने अवगत कराया कि मीटिंग में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जिससे कार्यक्रम को सफ्ल बनाया जा सकें ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण रविवार को भाजपा मंडल राजगढ़ द्वारा पार्षद सुनीता प्रजापत के निवास पर सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन पर चर्चा की। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने देश की सामाजिक जागरूकता, नवाचार, और जनभागीदारी को लेकर महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उनके संदेशों ने कार्यकर्ताओं को देश सेवा व संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रेरित किया। सभी ने एक स्वर में मन की बात को प्रेरणादायक बताया और आगामी चुनावों के लिए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित,विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, जिला महामंत्री शिवलाल मीना, लोकेश रावत,एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, पार्षद बेनी प्रसाद सैनी,लोकेश उपाध्याय, जगमोहन शर्मा,उमेश मंडावरा, बाबू लाल शर्मा, फूल चंद प्रजापत, नवल सिंह राजपूत एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारीगण, युवा मोर्चा के सदस्य, और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अग्रवाल बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र निवासी संदीप अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी का जिला महामंत्री बनाया गया है। अग्रवाल नाबालिग आयु से ही भाजपा के चित्रण और दर्शन से काफ़ी प्रभावित रहे हैं क्योंकि इनका सम्पूर्ण परिवार सहित माता - पिता और दादा दादी भी भाजपा समर्थक रहे हैं। अग्रवाल ने अल्पआयु से आजतक भाजपा की रीतिनीतियों पर विश्वास किया है। जिसके चलते ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार पर तथा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी की शिफारिस पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकित चेची ने उन्हें मनोनीत किया है। जिला महामंत्री बनने की घोषणा के बाद अग्रवाल को दूरभाष पर बधाई देने के लिए वेटिंग का दु:ख झेलना पड़ा, जिससे वे अपने आपको बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं तथा दु:खी भी बहुत नजर आए कि द्वद्दह्न समर्थको से इतनी देरी के बाद बातचीत कर रहा हूँ। अग्रवाल ने कहा कि मुझे बुजुर्गों द्वारा सौंपी गईं संस्कृति को बर्बाद नहीं होने दूंगा चाहे मुझे अपने प्राण ही क्यों नहीं न्योछावर करने पड़ें। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भी अपना बलिदान देश और संगठन के लिए दिया था। अग्रवाल के जिला महामंत्री नियुक्त हो जाने के बाद युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। युवाओं ने आज शपथ ली कि उन्हें भी भाजपा को बढ़ाने के लिए ही ऐसा कार्य करना है। अग्रवाल का माला साफा पहनाकर कार्यकर्त्ताओं ने जहाँ भव्य सम्मान किया वहीं मोतीचूर के लड्डू खिलाकर उनका मुँह मीठा भी कराया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं में खासकर युवाओं की भीड़ देखी गईं।

## भामाशाह एवं प्रेरक का हुआ सम्मान

### वन मंत्री और उच्च अधिकारीयों ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** बानसूर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांची -मीरापुर के निवासी अध्यापक बाबूलाल मेहरा का अलवर में जिला स्तरीय भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह में सम्मान किया गया।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा व भारत सरकार के आदेशानुसार भामाशाहों एवं प्रेरकों का सम्मान हर वर्ष किया जाता है।गौरतलब है कि अध्यापक बाबूलाल मेहरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गूंता-शाहपुर में कार्यरत हैं। इनके द्वारा दी गईं प्रेरणा से भामाशाह रामेश्वर दयाल सिरोहीवाल ने खेल मैदान का मुख्य द्वार बनवाया तो भामाशाह उमेश गुप्ता ने विद्यालय के सिंह द्वार का मुख्य द्वार बनवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री संजय शर्मा ने अपने कर कमलों द्वारा भामाशाह रामेश्वर दयाल सिरोहीवाल व उमेश गुप्ता तथा प्रेरक बाबूलाल मेहरा को माला साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं मांची मीरापुर के सरपंच प्रतिनिधि ने सभी भामाशाहों का आभार जताया है और निवेदन भी किया है कि भविष्य में भी ऐसे पुनिता कार्यों में हमेंशा अग्रसर रहें।इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारीयों सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, भामाशाह और प्रेरक काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।



## कंपनी बाग अलवर में नि:शुल्क बीपी, शुगर जांच शिविर का आयोजन किया


बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** माह के अंतिम रविवार को स्थानिय संघ कार्यालय कंपनी बाग अलवर में प्रात: भ्रमण के लिए आने वालों के लिए नि:शुल्क बीपी, शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। आज का अलवर जिला एस जी एफके अध्यक्ष गिरीश गुप्ता के सौजन्य से आयोजित किया गया । ईश वंदना कर शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में लगभग 85 महिलाए पुरूषों ने बी पी एवं शुगर तथा वजन जांच कर कैंप का लाभ उठाया। कैंप के तुरंत बाद मीटिंग आयोजित की गई जिसमें आगामी वन भ्रमण एवं स्नेह मिलन तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक 13 जुलाई रविवार को तय किया गया। दिनांक 20 जुलाई को राजकीय बालिका उ%च माध्यमिक विद्यालय, नया बासए काला कुआं में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम निश्चित किया गया।मीटिंग में सृथ् भेजने पर चर्चा की गई और तय किया गया कि जो सदस्य वर्तमान में मौजूद नहीं हैं या बिल्कुल निष्क्रिय हैं उनको सूची से हटाया जाए और बाकी सदस्यों का जमा कराया जाए। साथ ही अलवर एस जी एफके लिए कार्यालय के लिए कोई पृथक व्यवस्था हो इस पर चर्चा की गई जिसमें सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि न्%ए नगर निगम या स्थानीय मंत्री महोदय से मिलकर कोई व्यवस्था बनाने पर बात की जाए। इस पर शहरी इलाके में कुछ चिन्हित जगहों पर इस बारे मे मालूम कर आवश्यक कार्यवाही करने का सुझाव दिया। जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने इस 1 जुलाई से संस्था की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सदस्यों सी आहवान किया जिस पर जैसे जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के दौरान पानी की प्याऊ का प्रस्ताव,वृक्षारोपण, ट्रैक्टर्स पर रिफ्लेक्टर लगाना, सफाई अभियान, मेडिकल कैंप इत्यादि शुरू करने का निर्णय लिया गया । आज के कार्यक्रम में संरक्षक मधुसूदन शर्मा, हरीश कालरा, जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, उपाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, बी आर निमेष, सचिव ताराचंद अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश भट्ट, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, सुरेंद्र कुमार सोनी, ओमप्रकाश गुप्ता, शंभू शर्मा, राजेंद्र अरोड़ा, सतीश चंद गुप्ता,श्रीमति आशा कालरा, अनीता भट्ट, प्रमिला गुप्ता, गंगा गुप्ता सहित एस जी एफ सदस्यों ने सहयोग किया।

## भगवान जगन्नाथ को स्नेह भोज का आमंत्रण देने आज जगन्नाथ मंदिर आयेंगे महंत प्रकाशदास महाराज

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** गंगाबाग में चल रहे श्री जगन्नाथ मेला महोत्सव के तीसरे दिन ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाशदास महाराज शहर के गणमान्य लोग, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व साधू संतो के साथ आज सोमवार को प्रात: 9.15 बजे मेला स्थल पर भगवान जगन्नाथ दरबार पहुंचेंगे। महंत प्रकाशदास महाराज जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्णदास को भगवान जगन्नाथ को बारात संग मंगलवार को ठिकाना गंगाबाग में आयोजित स्नेह भोज के लिए आमंत्रित करेंगे। मंदिर में पहुंचकर भेंट न्योछावर करेंगे। वधू पक्ष माता जानकी की ओर से ठिकाना गंगाबाग की ओर से वरमाला महोत्सव पर स्नेह भोज की यह परंपरा वर्षों से निभा रहे हैं।

## एमएसएमई-डे मनाया, उद्यमियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की कोटा सीए ब्रांच द्वारा एमएसएमई डे मनाया। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने बताया कि मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल व विशिष्ट अतिथि दी एसएसआई एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल थे। कार्यक्रम में बैंक के डीजीएम प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, जयपुर, कोटा सर्किल हेड आशुतोष दुबे व अन्य बैंक अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी हरिमोहन शर्मा ने उद्यमियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। सीए आशीष व्यास, सीए जम्बू अग्रवाल, सीए दिनेश जैन, सीए रोहित पाटौदी व टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्षसीए विष्णु गर्गव एसएसआई अध्यक्ष मनोज राठी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता सेनानी की पुण्य तिथि पर निराश्रित लोगों को भोजन कराया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( दामोदर सिंह )।** समाजसेवी शरीर दानी नेत्रदानी स्वर्गीय अमिता भार्गव स्मृति संस्थान के अध्यक्ष अरुण भार्गव ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी कप्तान दुर्गा प्रसाद चौधरी की पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निराश्रित लोगों को गीता भवन में भोजन करवाया विशेष रूप से पेठा का वितरण किया गया। यह जानकारी अरुण भार्गव ने दी।

आनंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निर्देश आकाश भार्गव ने बताया कि भोजन वितरण में प्रदीप भार्गव, प्रणव भार्गव, ईवाना भार्गव, मनीष गौतम रिंकू ,नीरज शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## तरुण तपस्वी श्री युगप्रभ जी म.सा. आदि ठाणा-2 का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश 6 जुलाई को

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** आचार्य श्री विजयराज जी म.सा. के आनानुवर्ती तरुण तपस्वी श्री युगप्रभ जी म.सा. एवं सेवाभावी श्री अभिनव मुनि जी म.सा. आदि ठाणा-2 सैकड़ो श्रावक श्राविकाओं के साथ समीपवर्ती गांव जावदा से विहार कर शनिवार को वर्षावास (चातुर्मास) हेतु निम्बाहेड़ा नगर के दिवाकर भवन में विराजमान हुए।संघ के मंत्री अजय सिंघवी ने बताया कि निम्बाहेड़ा नगर में श्री साधुमार्गी शान्त क्रान्ति संघ का प्रथम चार्तुमास खुलने से नगर सहित आस-पास के गांवो एवं शहरों के श्रावक-श्राविकाओं में अत्यन्त ही प्रसन्नता, हर्ष एवं उल्हास है।उन्होंने बताया कि तपस्वी श्री युगप्रभ जी म.सा. एवं सेवाभावी श्री अभिनव मुनि जी म.सा. आदि ठाणा-2 चार्तुमास के लिए 6 जुलाई, रविवार को प्रातः 9.15 बजे आदर्श कॉलोनी स्थित दिवाकर भवन से शांति नगर, बस स्टेण्ड के पीछे स्थित नवकार भवन में प्रवेश करेगे एवं प्रवेश के पश्चात कृषि उपज मण्डी प्रांगण में प्रवचन देगे। मंगल प्रवेश के बाद 9 जुलाई, बुधवार से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक नवकार भवन में प्रवचन होगें।

## हाड़ौती के मिनी गोवा में जून में हुई अच्छी बारिश के बाद पर्यटकों से गुलजार हुआ



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी( अनन्त दाधीच )।** जिले का बरधा बांध, जिसे हाड़ौती का मिनी गोवा भी कहा जाता है, इस साल जून में ही पर्यटकों से गुलजार हो गया है। आमतौर पर मानसून की जोरदार बारिश के बाद जुलाई-अगस्त में पर्यटकों की भीड़ बढ़ती है, लेकिन इस बार जून में हुई अच्छी बारिश के कारण बांध में पानी भर गया है और चादर चलने लगी है, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं।यह बांध हर साल मानसून में अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर हो जाता है। जब बांध ओवरफ्लो होता है और पानी चादर की तरह बहता है, तो पर्यटक इस बहते पानी में बैठकर खूब लुत्फ उठाते हैं। वर्तमान में, हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएँ और युवा यहाँ पहुँचकर पिकनिक का आनंद ले रहे हैं । और उनमें काफी उत्साह देखा जा रहा है।पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सिविल डिफेंस के जवानों को तैनात किया गया है, लेकिन प्रशासन ने स्वयं सावधानी बरतने की भी अपील की है, क्योंकि पानी का बहाव तेज होता है। पर्यटक बांध की एनीकट वाली दीवार के सहारे बहते पानी में पिकनिक मनाते हुए और पानी की तेज धार का आनंद लेते हुए देखे जा सकते हैं। बरधा बांध की ये तस्वीरें दिखाती हैं कि कैसे लोग इस %मिनी गोवा% में आनंद ले रहे हैं, और यह साबित करता है कि राजस्थान में यह जगह किसी मिनी गोवा से कम नहीं है।

## 19वां सांख्यिकी दिवसः राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण का 75वां वर्ष थीम पर मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी( अनन्त दाधीच )।** आर्थिक नियोजन और सांख्यिकीय विकास में प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के योगदान को सम्मानित करने के लिए, उनके जन्मदिन 29 जून को 19वां सांख्यिकी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस की कार्यशाला केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित थीम राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण का 75वां वर्ष पर केंद्रित रही। कार्यशाला में सांख्यिकी के महत्व और वर्तमान प्रासंगिकता पर गहन चर्चा हुई। इस अवसर पर, नगर परिषद सभापति श्रीमती सरोज अग्रवाल ने सांख्यिकी विभाग के महत्वपूर्ण प्रकाशनों – सतत विकास लक्ष्य 2025 (जिला एवं ब्लॉक स्तरीय) रिपोर्ट और सांख्यिकी रूपरेखा 2025 का विमोचन किया। इन प्रकाशनों में जिले के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े शामिल हैं, जो भविष्य की योजनाओं के निर्माण में सहायक होंगे।कार्यक्रम में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक पूनम ढाका, राजकीय महाविद्यालय के आचार्य संजय भल्ला, और कोषाधिकारी चित्रा सिंह मंचासीन रहे। सांख्यिकी सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों और विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। मंच संचालन प्रगति प्रसार अधिकारी सुनील कुमार मीणा ने किया।

### नवास में ऊर्जा मंत्री की उपखंड स्तरीय जनसुनवाई

# खेत तक रास्ता हर किसान को मिले, आवेदन मिलते ही प्राथमिकता से हो निस्तारण- ऊर्जा मंत्री

### जनसुनवाई में 168 परिवाद हुए पंजीकृत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( दामोदर सिंह )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को एसडीएम कार्यालय, कनवास में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई की। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग परिवेदना लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में पीडब्ल्यूडी, राजस्व, पंचायत राज, नहरी तंत्र विभाग समेत सड़क, शमसान, बिजली और खेतों के रास्ते देने संबंधी 168 परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को बुलाकर जवाब मांगा।

जन सुनवाई में आंवा के ग्रामीण खेतों के रास्ते को लेकर मंत्री जी से मिले। वहीं आवां तालाब के पीछे खेत का रास्ता छुड़वाने तथा कनवास के कोलानी गांव में खेतों के लिए रास्ता देने की मांग की। श्री नागर ने खेतों के रास्ते के मामले में एसडीएम और तहसीलदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि खेतों का रास्ता राज्य सरकार का महत्वपूर्ण अभियान है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत रास्तों को रिकॉर्ड में दर्ज करने में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर पिछली जनसुनवाई में दर्ज किए गए रास्ता खोलने से जुड़े एक परिवाद का अभी तक निस्तारण नहीं होने पर राजस्व से जुड़े अधिकारियों को फटकार लगाई।

नागर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता से संवेदनशील होकर शालीनता से उनकी बात सुनने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हम सभी जनता के सेवक हैं, मालिक नहीं। अधिकारी समस्या को निस्तारण होने के अंतिम पड़ाव तक मॉनिटर करें। जनता को राहत दिलाना राजस्थान सरकार का उद्देश्य है। श्री नागर ने कहा कि आदर्श स्थिति तो तब होगी जब जनसुनवाई के शिविर में एक भी व्यक्ति परिवाद लेकर नहीं पहुंचे।



फोटो-जगदीश गुप्ता

सभी की समस्याएं रूटीन प्रक्रिया से ही हल हो जाएं और किसी को चक्कर नहीं काटना पड़े। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि जनता की सेवा के लिए ईश्वर ने आपकी कलम में ताकत दी है, आमजन के कल्याण के लिए इसका उचित उपयोग करें। इससे गरीब व्यक्ति आपको दुआ देगा।

जनसुनवाई में कॉलेज छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय कनवास में पीजी परीक्षा का केन्द्र खोलने की मांग। वहीं टोल प्लाजा बांस्याहेड़ी पर स्थानीय चौपहिया वाहनों को टोल टैक्स से मुक्ति दिलाने, नरेगा श्रमिकों की ओर से कार्ड बनवाने, नर गोवंश के लिए अभयारण्य घोषित करने की मांगों को लेकर परिवाद दिए गए। ग्राम मदारिया के लोगों ने स्वीकृत उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू करने और गांव में सामुदायिक भवन बनाने की मांग की। किसानों ने सावन भादो डेम का गेट खराब होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि साल भर होने के बावजूद भी डेम का गेट नहीं लग पाया है। कनवास मण्डल अध्यक्ष सत्यवान नागर ने कहा कि डेम से हजारों बीघा जमीन सिंचित होती है, लेकिन रखरखाव के अभाव में परंपरागत रास्ता खराब हो गया है। डेम पर जाने के लिए वन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है। ऐसे में परंपरागत रास्ते को खुलवाया जाए। जन सुनवाई के दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, उपप्रधान ओम नागर अडूसा, मंडल अध्यक्ष सत्यवान नागर, विजय शंकर सैनी, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ओम मेहता, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल सोनी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

### रामगंजमंडी में भाजपा में बिखराव का सिलसिला जारी

## 50 भाजपाईयो में कांग्रेस ज्वाइन कर दी गुंजल को जन्मदिन की बधाई

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी नगर में रविवार को अम्बेडकर सर्किल पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा को बड़ा झटका देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल तथा कांग्रेस के रामगंजमंडी विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र राजोरिया ने सभी कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर व कांग्रेस का दुपट्टा ओढ़ाकर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक एवं नगर के सभी पदाधिकारी तथा उपखण्ड भर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका परिसर के सामने हुई, जहां यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम सिंह भदौरिया ने गुंजल का जन्मदिन मनाते हुए केक काटा और शुभकामनाएं दी।

रामगंजमंडी में 51 ओर कार्यकर्ताओ सहित अब तक 100 से ज्यादा कांग्रेस में शामिल



अम्बेडकर सर्किल पहुंचने पर पुष्पेंद्र सिंह बैसला व हनुमान गुर्जर ने गुंजल का भव्य स्वागत कर परंपरागत तरीके से केलों से तौला, यहाँ प्रहलाद गुंजल ने केक को तलवार से काटकर जन्मदिन मनाया । आयोजित कार्यक्रम में प्रहलाद गुंजल व महेंद्र राजोरिया ने 51 भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की शपथ दिलाई। बारां में आयोजित संविधान बचाओ रैली के दिन से लेकर अब तक कल 100 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा छोड़ चुके हैं।

भाजपा मे आत्मसम्मान नही

समारोह को संबोधित करते हुए प्रहलाद गुंजल ने कहा की मैंने भाजपा इसलिए छोड़ी क्योंकि वहां आत्मसम्मान नहीं बचा। गुलामी और यस बॉस की संस्कृति हावी हो गई है। मैं किसी का गुलाम बनकर राजनीति नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा की अगर रामगंजमंडी मुझे चुनाव जिताती तो आज मैं भारत की संसद का हिस्सा होता। पैसे और सत्ता से पहुंचे लोग आपकी आवाज नहीं बन सकते। अगर मैं संसद में होता तो पूरे राजस्थान की आवाज बनता।

## रक्तदान, पौधारोपण, महिला सशक्तिकरण के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट पर करेंगे गहन मंथन

### कोटा सीए ब्रांच की ओर से 1 जुलाई को होगा सीए वीक-2025 का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( दामोदर सिंह )।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया की कोटा सीए ब्रांच की ओर से एक जुलाई को 77वां सीए डे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एक जुलाई को मनाए जाने वाले सीए डे को सेलीब्रेट करने के लिए ब्रांच की ओर से 1 से 7 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ध्वाजारोहण, रक्तदान के साथ सेमिनार के साथ पौधारोपण कर ग्रीन कोटा क्लीन कोटा का संदेश देंगे।

कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने रविवार को बताया कि कोटा सीए ब्रांच की ओर से एक जुलाई को सभी सीए सदस्य एवं सीए स्टूडेंट सीए डे के अवसर पर नई धानमंडी स्थित कोटा ब्रांच में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के साथ सीए डे को सेलिब्रेट कर एक दूसरे को सीए डे की शुभकामनाएं देंगे। रक्तदान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉक्टर नरेंद्र नागर होंगे। इस दौरान सीए ब्रांच कार्यालय में रक्तदान शिविर के साथ-साथ 1 जुलाई को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक हेल्थ चेकअप शिविर का भी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सीए सदस्य व सीए स्टूडेंट्स बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। कोटा सीए ब्रांच ने इस वर्ष सीए डे के अवसर पर करीब 125 यूनिट रक्तदान करने का




लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके बाद शाम 5 बजे सीए सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए एक मूवी शो का आयोजन रखा गया है जिसमें सीए सदस्य परिवार के साथ मूवी का आनंद लेंगे।

कोटा सीए ब्रांच की सचिव सीए ख्याति भंडारी व सिकासा कमेटी के अध्यक्ष सीए सुधांशु उपाध्याय ने बताया कि सीए वीक के अंतर्गत 2 जुलाई को इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गो प्लेग्राउंड में सुबह 9.00 से दोपहर 1.00 तक सीए मेंबर्स के लिए इनडोर गेम्स का आयोजन रखा गया है, जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पिकल बॉल, कैरम व चैस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल व सीए वीक कोऑर्डिनेटर द्वारा सीए वीक-2025 के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर सीए आशीष व्यास, सीए विष्णु गर्ग, सीए सौरभ जैन, सीए अंकित गुप्ता व सीए सचिन मंगल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक मौत

### पिता सहित दो मासूमो ने तोड़ा मौके पर दम, महिला अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा की व्यस्ततम सड़क भामाशाह मंडी से डीसीएम चौराहे का मार्ग पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें मोटरसाइकिल सवारी परिवार को एक दम पर चालक में टक्कर मार दी डंपर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार का संतुलन बिगड़ गया और वह डंपर की चपेट में आ गया जिससे मौके पर मोटरसाइकिल चालक पिता समेत दो मासूम बच्चो की कुचलकर मौत हो गई । वहीं महिला का एक गैर फेक्कर हो जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका की कोटा के मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज जारी है । मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है।

### यूँ हुई घटना

दुर्घटना पौने दो बजे भामाशाह मंडी से डी सी एम रोड पर हुई। रानपुर निवासी 32 वर्षीय कन्हैयालाल पत्नी और बच्चों के साथ थेकड़ा रोड पर अपने मौसी के लड़के की



कृष्णा



ज्योति

दुकान के उद्घाटन समारोह में शामिल होने जा रहे थे। डंपर और बाइक एक दिशा में भामाशाह मंडी की तरफ से डीसीएम चौराहे की तरफ जा रहे थे. डम्पर ने बाइक सवार परिवार को पीछे से टक्कर मारी है। उद्योग नगर थाना सी आई ने बताया की हादसा भामाशाह मंडी से डीसीएम चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर घटित हुआ।मृतकों की पहचान 32 वर्षीय कन्हैयालाल कृष्णा कहार, 3 वर्षीय बेटी यश्वनी और 5 महीने के बेटे पार्थ के रूप में हुई है. घायल 28 वर्षीय ज्योति को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। जहां से सभी को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल ले जाया गया था। जहां पर तीन जनों के शव को मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया, जबकि एक का उपचार जारी है।

इसमें युवक और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है।

# प्रसारण तंत्र का विकास कर राजस्थान को बनाएंगे पावर हब

### डेढ़ साल में 44 नए जीएसएस स्थापित हुए-ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में प्रदेश में 44 नए ग्रिड सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। हमारा लक्ष्य 5 साल में कुल 200 नए जीएसएस स्थापित करने का है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ प्रसारण तंत्र विकसित कर राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाया जाएगा।

नागर रविवार को इंडस्ट्रियल एरिया, कोटा में प्रस्तावित 220 केवी के नए ग्रिड सब स्टेशन को लेकर निरीक्षण के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि 132 केवी के जीएसएस को अपग्रेड कर 220 केवी का बनाने के स्थान पर नया 220 केवी का जीएसएस स्थापित किया जाए ताकि मजबूत प्रसारण तंत्र विकसित हो सके।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में बिजली की कोई



कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री का विजन है कि 2027 से पहले सभी किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध हो। अभी 75 प्रतिशत किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। बाकी बचे किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए नए जीएसएस स्थापित किए जा रहे हैं और पुराने जीएसएस को अपग्रेड किया जा रहा है।

### सौर एवं पवन ऊर्जा क्षमता में हुई वृद्धि

नागर ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में सौर एवं पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी काफी काम हुआ है। सौर एवं पवन ऊर्जा की क्षमता में वृद्धि से पीक हावर्स में मांग पूरी करने में मदद मिलेगी साथ ही सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी एवं कोल इंडिया जैसे केन्द्रीयउपक्रमों के साथ 2060 करोड रुपए के एमओयू हुए हैं। वर्ष 2030 तक केन्द्र सरकार का लक्ष्य ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 500 गीगावॉट करने का है, इसमें 125 गीगावॉट का योगदान राजस्थान का रहेगा। मुख्यमंत्रीभजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आने वाले समय में राजस्थान पावर हब के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस गति से परियोजनाएं स्वीकृत हो रही हैं हमें कार्य की गति भी उतनी ही बढ़ानी होगी ताकि परियोजनाएं समय पर पूरी हों। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात पर ध्यान दें कि क्वालिटी वर्क के साथ समय पर प्रोजेक्ट पूरे हों।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता ट्रांसमिशन राजीव शर्मा ने कहा कि कोटा सर्कल में बिजली के क्षेत्र में काफी सुधार हुए हैं। इंडस्ट्रियल एरिया, कोटा में प्रस्तावित 220 केवी जीएसएस के अलावा आगामी समय में कोटा (हाड़ौती संभाग) में 765 केवी का एक, 400 केवी का एक, 220 केवी के 3, 132 केवी के 18 नए ग्रिड सब स्टेशन प्रस्तावित हैं। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख श्री मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत दो शराब तस्कर गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश अनुसार चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत भुसावल पुलिस द्वारा दो शराब तस्करों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है दोनों ही तस्कर एक ही गांव के रहने वाले हैं। थानाधिकारी नरेश शर्मा के अनुसार वैर- भुसावर मेघाहाईवे के आरडीपीएस स्कूल के पास से राधेश्याम (45) को 60 पव्वे ढोला मारू देशी शराब के साथ पकड़ा गया। दूसरी गिरफ्तारी भुसावर- हिण्डौन सड़क मार्ग पर मन्नू वाले हनुमान मंदिर के निकट पेट्रोल पंप के पास से की गई। यहां से 30 वर्षीय जलसिंह को 55 पव्वे अंगूरी देशी शराब के साथ पकड़ा गया।

दोनों आरोपी बयाना कोतवाली क्षेत्र के-

थाना अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपी जिले के बयाना कोतवाली क्षेत्र के नया गांव कला के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## हारिये ना हिम्मत, बिसारिये ना राम - श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

**कामां/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु को समर्पित, कर्तव्य परायण,दृढ़ निश्चायी भक्त की रक्षा स्वयं श्री हरि करते हैं। ऐसे पुण्यआत्मा भक्त का समस्त संसार भी चाहे शत्रु क्यों ना हो जाए परंतु उसका बाल बांका नहीं कर सकता। भक्तराज प्रहलाद के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने उसे मानव मात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। मिथ्या अहंकार में भूले हुए हिरण्यकश्यप ने स्वयं अपने ही पुत्र प्रहलाद पर कितने निर्मम अत्याचार किये, जिसका अपराध शायद मात्र इतना था कि उसने परमात्मा का नाम लेना नहीं छोड़ा। लेकिन सदैव रक्षा की प्रभु ने व उस अहंकारी हिरण्यकश्यप का नाश भी किया। भक्त का कभी नाश नहीं हो सकता। परमात्मा की कृपा जिस पर भी हो उसके लिए विष भी अमृत बन जाता है। शत्रु भी मित्रवत हो जाते हैं अपार सागर भी गाय के पैर के गढ़े के समान हो जाता है। हर असंभव कार्य भी संभव हो जाता है अग्नि भी शीतल हो जाती है। सुमेरु जो अलंघय पर्वत है जिसे कोई लांघ नहीं सकता ऐसा अलंघय पर्वत सुमेरु भी उसके लिए रजकण के समान हो जाता है। कठिनतम कार्य भी सरल हो जाता है वही प्रहलाद के साथ भी हुआ।अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि जीता हुआ मन तथा इंद्रियां मित्र तथा अनियंत्रित मन व इंद्रियां सबसे बड़े शत्रु है। संसार को जीतने वाला महावीर नहीं बल्कि मन व इंद्रियों को जीतने वाला महावीर है। मन बाधक भी है तथा साधक भी है। इसे अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिए साधक बनाएं। मन के हारे हार है व मन के जीते जीत है। सुख व दुख भी मन की अनुभूति के विषय मात्र हैं। मन की अनुकूलता में सुख व प्रतिकूलता में दुख जीव अनुभव करता है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, राजस्थान व उत्तराखंड के अनेक उच्च राजनेताओं के साथ साथ चेयरमैन ए.टी.एफ श्री एम.एस.बिट्टा, गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम, कैबिनेट मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, विधायक कामां सुश्री नौक्षम चौधरी , पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड श्री हरीश रावत, पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट, ब्लॉक प्रमुख श्री नरदेव चौधरी इत्यादि सम्मिलित होंगे ।



## नीट परीक्षा में हिमानी गेनवाल की शानदार सफलता, ग्रामीणों ने किया अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ।** निकटवर्ती ग्राम बिदारा में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने बिदारा निवासी हिमानी गेनवाल पुत्री लक्ष्मी नारायण रैगर का मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) में अखिल भारतीय स्तर पर एससी वर्ग में 3548 वीं रैंक प्राप्त करने पर साफा व माल्यार्पण कर पहनाकर अभिनन्दन किया। समारोह में कालूराम रैगर, बंशीधर रैगर, कजोड़ मल वर्मा, वृद्धि चंद, गंगाराम, गीगाराम रैगर, भागीरथ मल रैगर, डॉ पूरणमल बुनकर, चौथमल आदि ग्रामीण उपस्थित थे। हिमानी को भारतीय संविधान की प्रस्तावना व डॉक्टर अम्बेडकर का छायाचित्र भेंट स्वरूप देकर हौसला अफजाई की गई। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर ने कहा कि हिमानी जैसे प्रतिभाशाली व्यक्ति ही देश की असली अनमोल धरोहर हैं और इनको संरक्षण व संवर्धन करना हम सब का प्रथम कर्तव्य है। हिमानी ने अपनी सफलता का श्रेय दादी मूली देवी, पिता व्याख्याता लक्ष्मी नारायण रैगर, माता व्याख्याता मीना देवी सहित शिक्षकों व परिवारजनों को दिया। इस दौरान कैलाश वर्मा, मुकेश कुमार रैगर, रामस्वरूप वर्मा, कमलेश कुमार, अमित कुमार, राजेंद्र कुमार, रामकिशोर वर्मा, राजू मीणा, सुभाष चन्द्र मीणा, छाया ब्रजवाल, आशा देवी, पारूल गेनवाल समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा व कलश यात्रा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में रविवार को भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा व कलश यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया। कस्बे के गणेश मंदिर से इस शोभायात्रा को इस्कॉन वृन्दावन से आए राधे श्यामा नन्द स्वामी महाराज के सान्निध्य में रवानगी दी गई। जिसमें भगवान जगन्नाथ की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखा गया। कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए यह शोभायात्रा रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका पहुंची जहा भगवान जगन्नाथ की कथा का आयोजन हुआ। कपिल प्रभु एवं डॉक्टर विशाखा शर्मा ने बताया कि पावटा कस्बे में प्रथम बार अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन पावटा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में महिलाओं सहित अन्य भक्तगण भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन होकर आशिर्वाद ग्रहण किया।

# मरीज देखने में देरी हुई तो परिजनों ने अस्पताल स्टाफ से की मारपीट

## सीसीटीवी में दिखे हमलावर, पुलिस ने आरोपियों की पहचान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शहर में एक डॉक्टर को मरीज देखने में देरी हो गई तो इससे गुस्साये दबंग तीमारदारों और अन्य साथियों ने क्लीनिक पर हमला बोल दिया। साथ ही डॉक्टर से अभद्रता की। स्टाफ पर फरसे से हमला किया। इस मामले में स्टाफ की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

इस मामले में स्टाफ ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस में लिखित शिकायत दी है। दरसल घटना 27 जून की बताई जा रही है, जो सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी। पीड़ित ने पुलिस को डिजिटल साक्ष्य के रूप में सीसीटीवी फुटेज भी दिया है। 27 जून की शाम 7 बजे डॉक्टर दीपेश अग्रवाल के क्लीनिक पर एक महिला अपने साथी के साथ दिखाने आई थी। क्लीनिक स्टाफ ने उन्हें बताया था कि डॉक्टर अन्य मरीज को देखने में व्यस्त हैं। आपको दिखवाने में देर भी लग सकती है। पहले के मरीज दिख जाने के बाद ही उन्हें दिखाया जा सकेगा। थोड़ी देर बाद जब उनकी बारी आई और उन्होंने डॉक्टर को दिखवा लिया तो महिला का साथी धमकी भरे अंदाज में देख लेने की चेतावनी देकर चला गया। इस दौरान महिला के साथी ने स्टाफ को जातिसूचक गालियां भी दी। इस घटना के एक घंटे बाद लगभग रात 8 बजे कुछ लोग क्लीनिक पर आए और आते ही विवाद करना शुरू कर दिया। जिनकी पहचान अलीम उर्फ सलीम बैटरी वाला नौहसिम, फैजान, जावेद और अयान समेत अन्य लोगों के रूप में हुई। वह सभी धारदार हथियार व लाठी-डंडों से लैस थे।

क्लीनिक में जमकर तोड़फोड़ की ओर डॉक्टर दीपेश अग्रवाल के साथ भी अभद्रता की। उन्हें अपशब्द कहे। क्लीनिक पर ताला डलवा देने की धमकी दी। इस मामले में क्लीनिक स्टाफ पंकज सिंह पुत्र रणवीर सिंह निवासी भमतीपुरा ने थाना कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर हमलावरों की तलाश में जुट गई है। घटना के बाद लोगों में भय का माहौल बन गया। लोगों ने बताया एकदम हमला होने पर वे घरों से बाहर आए देखा तो कुछ युवक क्लीनिक पर तोड़फोड़ करते नजर आए।




### इनका कहना-

पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हमलावरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

हरिनारायण मीणा, थानाधिकारी थाना कोतवाली धौलपुर

## मथुरा बाईपास से मुरवारा तक सड़क का चौड़ाईकरण व सुदृढीकरण

### 10 करोड की राशि हुई स्वीकृत, जाम की समस्या से मिलेगी निजात, , डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** मथुरा बाईपास से मुरवारा तक की 2 किलोमीटर लम्बी सडक के चौडाईकरण एवं सुदृढीकरण के लिये राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणा के अनुरूप 10 करोड रुपये की राशि स्वीकृत करने पर पूर्व मंत्री, भरतपुर विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सडक के चौडाईकरण व सुदृढीकरण होने से वाहनों के आवागमन में सुविधायें बढेगी और बार-बार लगने वाले जाम से निजात मिलने के साथ ही अनायास होने वाली दुर्घटनाओं पर विराम लगेगा।

डॉ. गर्ग ने बताया कि मथुरा बाई पास स्थित सेवर से मुरवारा तक सडक मार्ग की चौडाई कम होने के कारण वाहन चालकों को होने वाली परेशानी तथा स्थानीय लोगों के आवागमन में दिक्कते होने के साथ ही आये दिन दुर्घटनायें होने के सम्बन्ध में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आग्रह किया था कि इस मार्ग पर वाहनों का दबाव रहता है। जिससे बार-बार जाम जैसी स्थिति हो जाती है और लोगों को परेशानी का सामना करना पडता है। बडे वाहनों का आवागमन इस मार्ग पर होकर बना रहता है। इस मार्ग के आस पास कई कॉलोनियां हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र भी इस मार्ग से जुडे हुये हैं। चौबीस घण्टे मथुरा बाईपास के मुरवारा रोड पर वाहनों का दबाव होने की वजह से इस सड़क का चौडाईकरण तथा सुदृढीकरण कराने की अति आवश्यकता है।

गत बजट में 2 किलोमीटर लम्बे इस मार्ग के चौडाईकरण और सुदृढीकरण की घोषणा की गई जिससे फलस्वरूप इस मार्ग के लिये राज्य सरकार द्वारा 10 करोड रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है और शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरु हो जायेगी। मार्ग के चौडे होने से वाहनों के आवागमन में सुगमता आयेगी और जाम की समस्याओं से निजात मिलने के साथ ही होने वाली दुर्घटनाओं में भी विराम लग सकेगा।

## कांग्रेस ने बाड़ी विधानसभा में की नई नियुक्तियां: रामेंद्र मीणा बाड़ी और पुष्पेंद्र कुशवाह सैपऊ के ब्लॉक अध्यक्ष बने, सैफ सैय्यद को मिली नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव में मिली हार के डेढ़ साल बाद कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में नई नियुक्तियां की हैं। संगठन महासचिव ललित तुनवाल द्वारा जारी सूची में बाड़ी ब्लॉक का अध्यक्ष रामेंद्र मीणा को बनाया गया है। सैपऊ ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी पुष्पेंद्र कुशवाहा को दी गई है। बाड़ी नगर अध्यक्ष पद पर पहली बार सैफ सैय्यद खां की नियुक्ति की गई है। मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। सिंगोरई मंडल में महादेव मीणा, अब्दुलपुर में कृष्णा सिंह परमार और खानपुर में शिवकेश मीणा को जिम्मेदारी दी गई है। डांग बसई मंडल अध्यक्ष यशपाल सिंह गुर्जर, कंचनपुर में पप्पू सिंह और बाड़ी शहर मंडल अध्यक्ष पद पर नईम खां को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने कहा-वे संगठन की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों का स्वागत किया। दोनों ब्लॉक अध्यक्षों ने जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा के साथ पूर्व वित्त मंत्री प्रदुमन सिंह से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।



## बाड़ी में अपना घर की 25वीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर: पूर्व विधायक गिरिराज सिंह ने किया ब्लड डोनेट, 105 यूनिट एकत्रित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के बाड़ी में अपना घर आश्रम भरतपुर की स्थापना के 25 साल पूरे होने के मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शहर की अग्रवाल धर्मशाला में शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 6 घंटे में कुल 105 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। सुबह 10 बजे शुरू हुआ शिविर दोपहर 2 बजे तक चला। इसमें अपना घर की महिला और पुरुष इकाई के पदाधिकारियों के साथ शहर की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपना घर सेवा समिति के स्थानीय अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि संस्था की स्थापना 29 जून 2000 को डॉ. बीएम भारद्वाज ने भरतपुर में की थी। यह संस्था देशभर में असहाय, विमंदित, विक्षिप्त और अनाथ लोगों की सेवा उनको प्रभू मानकर कर रही है। पूर्व विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा ने किया ब्लड डोनेट भुवनेश्वर शर्मा ने बताया-शिविर में बाड़ी के पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा ने भी रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से रक्तदान करने की भी अपील की। गिरिराज सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ होता है बल्कि यह दान किया रक्त किसी के जीवन को बचाने के लिए काम आता है। शिविर में विशेष बात यह रही कि एक ही परिवार के कई सदस्यों ने रक्तदान किया। पिता-बेटी, मां-बेटी और चाची-भतीजे ने साथ मिलकर रक्तदान किया। जारगा से आए दो सगे भाइयों ने भी रक्तदान में हिस्सा लिया।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, सचिव हरिओम सिंगल, कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग और शिविर संयोजक रामनिवास अग्रवंशी मौजूद रहे। महिला इकाई से अध्यक्ष ऊषा मित्तल, सचिव नीलम मंगल, संयोजक विमला गर्ग सेवादल जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे और कोषाध्यक्ष लता मंगल ने भी शिविर में योगदान दिया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम गर्ग, मुन्नालाल मंगल, दिनेश बागथरिया, विष्णु सिंघल, विष्णु महेरे सहित कई गणमान्य लोगों ने भी शिविर में सहयोग किया।

## डॉ रामअवतार अग्रवाल दंपति धौलपुर ने प्रभु सेवार्थ दिया 40 लाख का डोनेशन

### अब आश्रम में निर्माण कार्यों के साथ-साथ प्रभुजनों की संख्या 150 के स्थान पर 250 होगी*



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के बाड़ी में स्थित कृषि उपज मंडी बसेड़ी रोड अपना घर आश्रम में विमंदित, विक्षिप्त, मानसिक अस्वस्थ,असहाय, लावारिस,बीमार,अनाथ जरूरतमंद प्रभुजनों को रखा जाता है । उनके लिए सेवाभावी,भामाशाह,दानदाताओं के माध्यम से निशुल्क आवास , भोजन, दवाइयां,इलाज,सेवा उपचार उपलब्ध कराने के पश्चात स्वस्थ होने पर परिवारजनों से मिलाया जाता है ढ्ढ इस प्रकार की सेवा का यह अनोखा आश्रय स्थल है । डॉ रामावतार अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर रेनू अग्रवाल घंटाघर रोड धौलपुर के द्वारा आज अपना घर आश्रम का अवलोकन एवं निरीक्षण के दौरान प्रभुजन सेवार्थ आश्रम में बड़ा हॉल 100× 45 के निर्माण के लिए 40 लाख रुपए का योगदान दिया है ढ्ढ इससे पूर्व यह वर्ष 2023 में ठाकुर जी की चिट्ठी में आवश्यकता एवं जरूरत के समय आश्रम में हाल निर्माण के लिए 35 लाख रुपए की सहयोग राशि उपलब्ध करा चुके हैं । अपना घर के संरक्षक एवं अध्यक्ष सुनील गर्ग कंपनी परिवार ने बताया कि इस प्रकार का बड़ादान आश्रम के लिए प्रेरणादायक है यह सहयोग न केवल आश्रम के संचालन में मदद करेगा बल्कि आश्रम में निवासरत प्रभु जनों की सेवाओं में परिवर्तन लाएगा ।

## धनोप माता के गोस्वामी समाज की धर्मशाला निर्माण का शिलान्यास किया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के धनोप माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को अखिल दशनाम गोस्वामी समाज की बैठक आयोजित हुई तथा समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए शुभ मुहूर्त किया गया। बैठक मे सोमपुरी जी महाराज खड़ की धुणी वाले मुख्य अतिथि रहे। पुष्कर गृहस्त आश्रम के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रामेश्वर भारती, सताइस गांव मण्डल अध्यक्ष भंवर गिरी, सरदारनगर सरपंच रविशंकर विशिष्ठ अतिथि रहे। अब तक समाज की ओर से 16 लाख 34 हजार रुपए एकत्र हो चुके हैं। सताईस गांव मण्डल अध्यक्ष भंवर गिरी पुत्र रतन गिरी बच्छखेड़ा वालों ने एक हॉल निर्माण की घोषणा की। पुष्कर कार्यकारी अध्यक्ष रामेश्वर भारती ने 101 सीमेंट के कट्टे देने की घोषणा की। ओम प्रकाश गिरी और रवि शंकर गिरी पुत्र गोपाल गिरी ने 1.11 लाख देने की घोषणा की। पिंटू पुरी पुत्र धन्ना पुरी भोजरांस वाले ने 21 हजार रूपए का सहयोग किया।लादू पुत्र रूपा गिरी ने 11 हजार रुपए, पवन पुत्र तेजूपुरी ने 51 सौ रुपए, खाना पुत्र माधुपुरी ने 51 सौ रुपए का सहयोग प्रदान किया। धर्मशाला निर्माण को लेकर सहमति से कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें संरक्षक लादु पुरी देवलिया कला, अध्यक्ष गोपाल पुरी धनोप, उपाध्यक्ष महादेव गिरी आगुंचा व सोजी पुरी देवलियां कलां, कोषाध्यक्ष राजू पुरी हुकमपुरा, सचिव देबी पुरी सांगरिया और मीडिया प्रभारी प्रभु गिरी कुरथल को मनोनीत किया। रघुनंदन गोस्वामी सांगरिया ने बताया कि बैठक मे सभी समाज बन्धुओ का गोपाल भारती खारी का लाम्बा ने चन्दन का तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही सभी दान दाताओं व सहयोग कर्ताओ का कार्यकारिणी सदस्यों ने माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान कार्यक्रम में कार्यकारिणी के सदस्य शैतान पुरी पनोतिया, लक्ष्मण गिरी बीलिया, महेश पुरी आगुंचा, मुकेश पुरी तस्वारियां बांसा, तेजू पुरी रलायता, प्रहलाद पुरी हुकूमपुरा का खेड़ा, माणक पुरी बच्छखेड़ा, गोविंद पुरी गुड्डा, प्रहलाद भारती लोरडी वहीं समाज बन्धु रघुनन्दन गोस्वामी सांगरिया, कमलेश पुरी, श्रवण पुरी बावड़ी, हरिराम पुरी, सुखपाल पुरी खाण्डरा, देबी पुरी धनोप, शिवपुरी देवलियां कलां, नाथू पुरी रलायता, जगदीश पुरी अरनिया चौहान, राजू भारती लोरडी, तेजू गोस्वामी बरनी, टीकम पुरी धनोप, कैलाश पुरी देवलियां कलां, धन्ना भारती खारी का लाम्बा सहित आस पास के सभी मंडलो के समाज बन्धु उपस्थित रहे।



## अंत्योदय शिविर में 19 साल पुराना भूमि विवाद सुलझा, भाइयों के रिश्ते में खत्म हुआ तनाव

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजना में आयोजित शिविर में वर्षों पुराने भूमि विवाद का समाधान कर दो भाइयों को बड़ा सुकून मिला। ग्राम कसियापुरा निवासी मायाराम और हाकिम, पुत्र देवजीत, पिछले करीब 19 वर्षों से अपनी पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर उलझन में थे। आपसी सहमति बनने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था और कानूनी अड़चनों से उनका काम रुक गया था।



शिविर के दौरान दोनों भाइयों ने अपनी समस्या कैंप प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा वर्षा मीणा के समक्ष रखी। उपखंड अधिकारी ने तुरंत तहसीलदार राजाखेड़ा को मौके पर आपसी सहमति के आधार पर विभाजन करने के निर्देश दिए।

तहसीलदार ने भू-अभिलेख निरीक्षक और हल्का पटवारी की मदद से मौके पर ही पूरी जांच और सहमति लेकर विभाजन तैयार करवाया, और तुरंत उसे स्वीकृत भी कर दिया गया।

# भीलवाड़ा में वैश्य फेडरेशन द्वारा हुआ श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का ऐतिहासिक भव्य स्वागत

## सभी पदाधिकारियों और समाजबंधुओं ने दिया अद्भुत समर्पण और सेवा भाव का परिचय

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, जिला भीलवाड़ा के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन चौराहे पर भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ स्वागत किया गया। अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के युवा संभाग अध्यक्ष देवेंद्र कुमार डाणी ने बताया कि इस भक्ति और भव्यता से सराबोर कार्यक्रम में पुष्पवर्षा, मंगल आरती और विशाल प्रसाद वितरण की अविरल श्रृंखला ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस्कॉन टेम्पल द्वारा आयोजित इस पवित्र रथ यात्रा के स्वागत में उमड़ी भीड़ ने न केवल धार्मिक आस्था को उजागर किया, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता की मिसाल भी पेश की। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे भीलवाड़ा सांसद एवं वैश्य फेडरेशन संभाग अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल भी संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ सेवा भाव से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक अंकित सोमानी ने बताया की सभी पदाधिकारियों और समाजबंधुओं ने अद्भुत समर्पण और सेवा भाव का परिचय दिया। पूरे आयोजन में धार्मिक उल्लास के साथ-साथ अनुशासन और समर्पण का ऐसा संगम देखने को मिला, जो समाज सेवा की मिसाल बन गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, युवा प्रदेश मंत्री पंकज लोहिया, महिला जिलाध्यक्ष लीला राठी, जिला कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ओपी हिंगड़, युवा जिलाध्यक्ष राघव कोठारी, युवा जिला महामंत्री आशीष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रसाद पोरवाल व महेश खंडेलवाल, आलोक पलोड, योगेश हेडा, आशीष झंवर, विष्णु गोपाल अग्रवाल, अक्षय कोठारी, श्याम सेन, एडवोकेट सुनील जैन, मुकेश चिप्पड़, संजय राठी, श्यामसुंदर सोमानी, मनोज पलोड, नंदलाल बाहेती, दिलीप हिंगड़, संजय सोडाणी, राजेंद्र बल्दवा, रमेश मूंदड़ा, ओमप्रकाश काबरा, सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान रथ के आगमन से लेकर आरती और प्रसाद वितरण तक, हर पल श्रद्धा और संगठनात्मक व्यवस्था की छाप लिए हुए था। फेडरेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा सजीव सेवा-भाव, प्रसाद वितरण, साफ-सफाई और भक्तों के मार्गदर्शन की व्यवस्था ने आयोजन को उच्च स्तर तक पहुंचाया। भक्तों की अपार भीड़ और आयोजन की भव्यता यह दर्शाती है कि वैश्य फेडरेशन आज न केवल सामाजिक संगठनों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण और प्रचार में भी सक्रियता से आगे बढ़ रहा है।

## अशोक शर्मा अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ के संयुक्त सचिव नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

टोंक (कमल मीणा)। अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ ने निवाई के निवासी अशोक शर्मा को संगठन का संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अनंत शर्मा की अनुशंसा पर की गई है। इस पद पर उनकी नियुक्ति के बाद, अशोक शर्मा को उनके मित्रों, परिवार और संगठन से जुड़े लोगों से बधाईयां मिल रही हैं।रविवार को जयपुर में महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान अशोक शर्मा को औपचारिक रूप से संयुक्त सचिव के पद का सम्मान दिया गया। इस अवसर पर महासंघ के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें उनके नए पद के लिए शुभकामनाएं दीं।अपनी नियुक्ति पर अशोक शर्मा ने महासंघ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वह उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इस नियुक्ति से महासंघ को उपभोक्ता अधिकारों की लड़ाई में और मजबूती मिलने की उम्मीद है, खासकर निवाई और उसके आसपास के क्षेत्रों में। अशोक शर्मा की नियुक्ति को उनके अनुभवों और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का भाजपाइयों ने किया स्वागत अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के भीलवाड़ा आगमन के अवसर पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं सांसद दामोदर अग्रवाल के सान्निध्य में स्वागत अभिनंदन किया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को पगड़ी एवं केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत कर भाजपा कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। उन्हें श्रीनाथजी की तस्वीर भी भेंट की गई।देवनानी ने विधानसभा में पेपरलेस कार्यवाही सहित किए गए नवाचारों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, जिला मंत्री गोपाल तेली, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी, जिलाध्यक्ष प्रवास प्रमुख मनोज बुलानी, जिला सोशल मीडिया संयोजक अजित केसावत, सहसंयोजक आकाश मालावत, ऋतु शेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह राव, रामपाल चौधरी, शशांक बिड़ला, सागर माली, तरुण सोमानी, दिनेश माली सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेहतर पुलिसिंग, आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सजग रहे पुलिस -देवनानी

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया उसरी गेट पुलिस चौकी के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 29 जून को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि पुलिस बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास और शहर की सुरक्षा के लिए सजग होकर काम करें। थाने और चौकी में अपने परिवार लेकर आने वाले आमजन को यह महसूस होना चाहिए कि पुलिस उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को उसरी गेट पुलिस चौकी में 20 लाख रूपये की लागत से हुए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित



कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुलिस को अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास के अपने ध्येय के साथ काम करना चाहिए। अजमेर पुलिस अच्छा काम कर रही है। पुलिस अपनी सजगता को और बढ़ाए। शहर की सुरक्षा के लिए गश्त और नफरी बढ़ाई जाए। थाने में आने वाले व्यक्ति को यह लगना चाहिए कि पुलिस उनकी सहायता के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र में सुरक्षा के लिए एक नये थाने हरिभाऊ उपाध्याय नगर की स्थापना की गई है। इसके साथ ही तारागढ़ पहाडी क्षेत्र में भी अपराधों की रोकथाम के लिए जवानों की तैनातगी की गई है। आने वाले समय में इसे और बढ़ाया जाएगा। ताकि सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत बनें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदिता राणा को निर्देश दिए कि शहर में पुलिस नाकों, शहर में आवक के रास्तों एवं अन्दरूणी क्षेत्रों में निगरानी के लिए पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही यातायात व्यवस्था में भी सुधार के लिए काम किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदिता राणा, पार्षद भारती श्रीवास्वत सहित आमजन व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर 1 जुलाई को राजनगर में:पीठाधीश्वर रामदयाल महाराज की पधरावणी पर राजनगर में निकलेगी शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संप्रदायाचार्य एवं पीठाधीश्वर रामदयाल महाराज का एक जुलाई को राजनगर में पधरावणी कार्यक्रम होगा। श्री माहेश्वरी सेवा समिति के सतीष हेड़ा ने बताया कि इस अवसर पीठाधीश्वर रामस्वरूप महाराज का सुबह 9.30 बजे फव्वारा चौक राजनगर पर स्वागत समिति के ओमप्रकाश बापड़ोत के नेतृत्व में हिन्दू समाज द्वारा स्वागत किया जाएगा।स्वागत कार्यक्रम के बाद हिंदू समाज जन, धर्म प्रेमी बंधुओं एवं मातृ शक्ति की उपस्थिति में फव्वारा चौक से शोभा यात्रा प्रांरभ होगी। इस अवसर पर पीठाधीश्वर रामदयाल महाराज को दानी चबूतरा होते हुए माहेश्वरी भवन राजनगर ले जाया जाएगा। जहां सुबह करीब 11.30 बजे महाराज के मुखारविंद से आशीर्वचन प्राप्त होगा। श्री माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा समस्त हिंदू समाज के लोग पधरावणी कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था महेंद्र देवपुरा, कैलाश निष्कलंक, ओमप्रकाश बापडोत, सतीश हेड़ा, राजेंद्र अजमेरा, प्रेम प्रकाश अजमेरा, सुनील लड्डा, शरद लड्डा, सत्यनारायण के नेतृत्व में पूरी की जा रही है।

## चारधाम यात्रा से लौटे तीर्थ यात्रियों का हुआ भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे से चारधाम यात्रा पर गए 40 तीर्थ यात्रियों का जत्था उत्तराखंड स्थित यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन कर रविवार सुबह सकुशल लौट आया। तीर्थ यात्रियों की वापसी पर नगरवासियों ने उनका पलक पांवड़े बिछाकर आत्मीय स्वागत किया। यात्रियों के बस से पहुंचते ही ग्रामवासियों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाईं और पुष्पवर्षा कर भावभीना स्वागत किया।सत्यनारायण मंदिर से बैंड-बाजों के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने तीर्थ यात्रियों का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया और चरणस्पर्श कर धर्म लाभ लिया। सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण था।इस अवसर पर नगर में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और नगरवासियों के सहयोग से यह स्वागत समारोह एक स्मरणीय पल बन गया। शोभायात्रा में बुजुर्ग, युवा और महिलाएं भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुईं। समापन पर तीर्थ यात्रियों ने नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# टायर दुकान पर मिला अवैध उर्वरक स्टॉक, कृषि विभाग ने की जब्ती

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा के निर्देश पर राज्य में अवैध, नकली उर्वरक, बीज, कीटनाशी पर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जि.प. विनोद कुमार जैन ने बताया कि इसी क्रम में संयुक्त निदेशक कृषि (गु.नि.) के.के. मंगल के निर्देशानुसार जिलें में संचालित गुण नियन्त्रण अभियान अन्तर्गत शुक्रवार 27 जून को जिलें में पंचायत समिति बनेडा के ग्राम पंचायत खेडलिया के गॉव कालसास में नकली खाद बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर कृषि विभागीय टीम मौके पर सायं 7 बजे निरीक्षण करनें पहुंची।निरीक्षण के दौरान मौके पर मिश्री नाथ पुत्र कजोड़ नाथ की टायर पंचर की दुकान पर 'नव किसान बायोकेम, झालर की



घाटी, कानपुर मादड़ी, तहसील गिर्वा, उदयपुर' द्वारा आपूर्ति किए गए 19 बैग जैव उर्वरक/ऑर्गेनिक उर्वरक पाए गए। प्रथम दृष्टया यह उर्वरक गलत पैकिंग विवरण तथा बिना अनुज्ञापत्र के रखे हुए पाए गए, जो एफसीओ 1985 की धारा 7, 8 एवं 19 (ब)(पप) का स्पष्ट उल्लंघन है। इस पर कार्यवाही करते हुए उर्वरक जब्त कर ग्राम सेवा सहकारी समिति, खेडलिया को सुपुर्द किए गए तथा नमूनों को परीक्षण हेतु लिया गया। साथ ही, संबंधित पुलिस थाना में दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मौके पर टीम में उषा मीणा सहायक निदेशक कृषि (वि.), किशन गोपाल जाट सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय), रमेश चौधरी कृषि अधिकारी (सामान्य), प्रभु लाल जाट कृषि अधिकारी (फसल), भगवत सिंह राणावत कृषि अधिकारी (पौ.सं.), तथा अन्य विभागीय कार्मिक उपस्थित थे। कृषि विभाग ने कृषको से अपील की है कि इस प्रकार के बायो डीएपी बायो एनपीके जिनकों डीएपी के नाम से बेचा जा रहा हों तों भ्रमित नही हों तथा कही भी इस प्रकार के अवैध उर्वरक हो तो तत्काल कृषि विभाग को सूचित करें।

## पसुन्द में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से पसुन्द में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के नेतृत्व में तथा स्वनीति ग्लोबल के डेवलपमेंट एसोसिएट प्रदीप गौड़ के समन्वय से आयोजित हुआ।पसुन्द ग्राम में आयोजित इस शिविर में सरपंच अयन जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उपप्रधान सुरेश जोशी, राजसमंद विद्युत विभाग के एसई भवानी शंकर शर्मा, सहायक अभियंता गजेंद्र सिंह दहिया, कनिष्ठ अभियंता नीरव वोरा, तकनीशियन हिमांशु भाटिया और मदन गिरी तथा आरजीबी बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप सारस्वत और रितेश पालीवाल उपस्थित रहे।अधिकारियों और अतिथियों ने ग्रामीणों को योजना के अंतर्गत मिलने वाली सरकार की सब्सिडी, सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया और बैंक लोन की सरल प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि कैसे सोलर ऊर्जा अपनाकर लोग बिजली बिल में बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान हरिओम उपवन में अतिथियों द्वारा पीपल के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जागरूकता शिविर से प्रेरित होकर कई ग्रामीणों ने सोलर पैनल लगवाने हेतु ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी करवाया।

# सूरौठ थाना क्षेत्र के आरनिया का पुरा में दो घरो में चोरी की वारदात, 15 लाख के जेवरात व नगदी पार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** सूरौठ थाना क्षेत्र के आरनिया का पुरा में दो घरो में चोरी की वारदात हुई है। जिसकी जानकारी रविवार को सुबह मिली। इसकी सूचना पर सूरौठ थाना प्रभारी महेश चंद मीना, ए एस आई रामनिवास जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे। एक पटोर पोश में करीब 1 लाख 35 हजार की नगदी, सोना व चांदी के आभूषणों की चोरी हुई है। जिनकी कीमत 15 लाख रुपए बताई गई है। वही एक अन्य मकान से 21 हजार नगद सहित आभूषणों की चोरी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में आरेनिया का पुरा निवासी पीड़ित रामदास जाटव ने बताया कि शनिवार रात परिवार के सभी लोग अलग अलग कमरों में सो रहे थे। इस दौरान रात करीब 2.30 बजे से 3.15 के बीच मकान में



स्थित एक पाटोर पोश हिस्से में छत से एक पट्टी हटाकर चोर उपर से नीचे कमरे में घुसे। जिसमें रखी दो आलमारी, एक बक्से में रखे हुए सोने, चांदी के कीमती आभूषणों के साथ एक लाख 35 हजार रुपए की नगदी चुराकर फरार हो गए।घटना कि जानकारी पीड़ित की बड़ी पुत्र वधू सुमन को रविवार सुबह करीब 6 बजे लगी।वह कमरे कि सफाई करने के लिए बाहर से गेट खोल रही थी।लेकिन उस सूने कमरे की कुंदी अंदर कि तरफ से बंद थी।उसने परिवार वालों को जगाया। परिजन छत पर पहुंचे तो पटोर पोश कि पट्टी हटी हुई मिली। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इधर गांव में ही चोरो ने एक अन्य मकान में भी चोरी की।पीड़ित परिवार में एक दम्पत्ति घर के आंगन में सो रहे थे। मध्य रात चोरो ने एक कमरे के दरवाज़े पर लगा ताला तोड़ कर अंदर घुसे।जिसमें 21 हजार कि नगदी व आभूषण चुरा कर ले गए। थाना प्रभारी महेश चंद मीना ने बताया कि मौका स्थल व आसपास काफी बारीकी से निरीक्षण किया गया है। चोर सम्भवत खेतों के रास्ते चोरी कर फरार हुए है। चोरी की इन घटनाओ में हर पहलुओं पर जांच कि जा रही है। संदिग्धो से पूछताछ की जाएगी।

## सदर थाना पुलिस ने महिला पर गोली चलाने वाले दो आरोपीयो को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सचिन मीना और राहुल मीना ने करीब 5 माह पहले कोटरी गांव में एक महिला दुकानदार पर सिगरेट के पैकेट को लेकर हुए विवाद में गोली चलाई थी।दोनों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कालाखाना की पहाड़ियों से इन बदमाशों को दबोच लिया।टीम में एएसआई बनय सिंह, हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, हेमराज, भूपेंद्र सिंह, संजय, प्रधान और कांस्टेबल ओमप्रकाश शामिल थे। दोनों आरोपी आगरी के रहने वाले हैं।

# ईदगाह परिसर में मुस्लिम संगठनों की ओर से 21 छायादार पेड़ लगाकर ग्रीन हिंडौन अभियान की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** करौली रोड स्थित ईदगाह परिसर में मुस्लिम संगठनों की ओर से पेड़ लगाकर ग्रीन हिंडौन अभियान की शुरुआत की गई। शहर वक़्फ़ कमेटी के सदर बब्बू शाह ने बताया कि ईदगाह परिसर में जमीयत उलेमा ए हिंद शहर वक़्फ़ कमेटी व मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की ओर से 21 छायादार पेड़ लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेते हुए ग्रीन हिंडौन मिशन का आगाज़ किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 25 जुलाई तक जारी रहेगा जिसमें विभिन्न मदरसों, क़ब्रिस्तानों व मुस्लिम जायदादों में छायादार पेड़ लगाए जाएंगे ईदगाह कैंपस में पीपल नीम,बरगद,गूलर,जामुन आदि के 21 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर लोगों से अपील करते हुए जमीयत उलेमा ए हिंद के तहसील सदर हाफिज बाबुद्दीन ने कहा कि पेड़ लगाना हमारे नबी मोहम्मद साहब की सुन्नत है। पेड़ लगाने से आमजन को कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। ऐसे जनहित के काम में हम सबको बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के संयोजक व पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने कहा कि शहर को हरा भरा बनाने के लिए सभी सामाजिक संगठनों को अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने के लिए आगे आना चाहिए। तेजी से हो रहे हैं जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है।इस अवसर पर हाफिज सईद, मुफ्ती अब्दुल हमीद, कारी इरफान, हाफिज हाशिम, हाफिज अमजद, खजांची भीकम शाह, जिला वक़्फ़ कमेटी के पूर्व सेक्रेटरी शब्बीर खान, समाजसेवी सलीम फौजी, मुफीद तेली, रफीक चौधरी, इस्लाम डेंटर, हाजी अब्दुल कदीर मनिहार, अल्ताफ पठान, जाकिर खान मछली ठेकेदार, फजलु शाह, रफीक लहचोडा, राजकीय महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महासचिव शरफुद्दीन चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लिया संतों का आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 29 जून को विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने अजमेर और भीलवाड़ा में संतों का आशीर्वाद लिया और देश और प्रदेश में खुशहाली व तरक्की की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने श्री प्रेम प्रकाश सम्प्रदायाचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज के 139वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर वैशाली नगर, अजमेर में स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में स्वामी ब्रह्मानंद शास्त्री जी द्वारा आयोजित पंचदिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश मंडलाध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज का दिव्य सत्संग प्राप्त हुआ। स्वामी जी की आध्यात्मिक शिक्षाएँ हमें सत्य, प्रेम और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इसी प्रकार श्री देवनानी ने रविवार को हरिसेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा के चार दिवसीय उत्सव में भाग लिया। 26 जून को एकम तिथि से सतगुरु बाबा हरिराम साहिब जी की 78वीं वार्षिक वर्सी से प्रारंभ हुआ उत्सव आज 29 जून को सतगुरु बाबा गंगाराम साहिब जी की 29वीं वार्षिक वर्सी तक सम्पूर्ण उत्साह एवं श्रद्धा से मनाया गया जिसमें देश विदेश से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

"सफल व्यक्ति वह है जो खुद पर फेंकी गई ईटों से मजबूत नीव बना ले"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# सीएम बोले- विकास के लिए सटीक आंकड़ें जरूरी

## सांख्यिकी दिवस पर कहा- इससे हम योजनाओं की प्रगति का निष्पक्ष मूल्यांकन और सुधार कर सकते है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकास के लिए सटीक आंकड़ें बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में सांख्यिकी (स्टैटिक्स) वो क्षेत्र है, जिसके माध्यम से सरकार जनता की अपेक्षाओं–आकांक्षाओं की पूर्ति कर सकती है। जब आंकडे सटीक होते हैं, तभी हम निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में प्रगति का निष्पक्ष मूल्यांकन कर सकते हैं और सुधार के लिए समय रहते कदम उठा सकते हैं।

सीएम आज राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जंयती के अवसर पर आयोजित 19वें राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने महालनोबिस का स्मरण करते हुए कहा कि वे




भारतीय सांख्यिकी प्रणाली के मुख्य शिल्पी और सांख्यिकी विज्ञान के जनक थे। देश में उनका योगदान हमेशा याद रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सांख्यिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनसे न केवल जनकल्याणकारी नीतियां एवं कार्यक्रम बनाने में मदद मिल रही है बल्कि सांख्यिकी के क्षेत्र में भारत ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है।प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि डेटा आज केवल सूचनात्मक संसाधन नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संपदा है। उन्होंने कहा कि डेटा से सांख्यिकी प्रणाली को व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के साथ ही दूरगामी निर्णय लेने में मदद मिल रही है। ये आंकड़े ही तेजी से विकास के प्रमुख आधार है।

### राजस्थान बनेगा 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो व्यापक आंकडे के आधार पर नीतियां एवं कार्यक्रम बनाकर उन्हें लागू करता है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज राज्य सरकार ने आंक?ों के आधार पर नीतिगत निर्णय लेकर सुशासन की मजबूत नींव रखी है। प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हो या अंत्योदय की भावना के अनुरूप कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुगमता से पहुंचाने का संकल्प, राज्य सरकार आंक?ों के आधार पर मजबूती से निर्णय ले रही है।

### जयपुर कलेक्टर सहित 16 सम्मानित

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्टैटिस्टिकल इयरबुक 2025 और राजस्थान एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट 2025 का विमोचन और एसडीजी वेबसाइट 2.0% का शुभारंभ किया। साथ ही, उन्होंने राज्य में सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सहित 16 अधिकारियों–कर्मचारियों को राज्य स्तरीय प्रोफेसर पीसी महालनोबिस सांख्यिकी पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर सांख्यिकी विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहें।

# मदन राठौड़ की बीजेपी कार्यकर्ताओं को नसीहत:कहा- आपके घर आकर आपको पूछे यह उम्मीद करना तो ठीक नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद से ही संगठन के मंच पर कार्यकर्ता समय–समय पर उनके काम नहीं होने को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। शनिवार को भी प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल की बैठक में कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर नाराजगी जताई थी। रविवार को प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कार्यकर्ताओं को ही नसीहत दे डाली। राठौड़ ने कहा– मैं प्रतिदिन कार्यालय में सभी से मिलता हूं, उनकी बात को आगे भी पहुंचाता हूं। उन्होंने कहा– मुख्यमंत्री भी खुद जनसुनवाई करते हैं। जनसुनवाई में जाना चाहिए। देखिए आपके घर आकर आपको पूछे, यह उम्मीद करना तो ठीक नहीं है। आना तो पड़ेगा। अगर घर पर बैठे–बैठे भी कुछ करवाना चाहो तो संपर्क तो करना पड़ेगा, तभी पता चलेगा। आज पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर बीजेपी कार्यालय में आयोजन था। इसके बाद मदन राठौड़ मीडिया से बात कर रहे थे।



### कार्यकर्ता उचित माध्यम से अपनी बात रखे

मदन राठौड़ ने कहा– मुख्यमंत्री पूरी सुनवाई करते हैं। जनसुनवाई में वे पूरी बात सुनते है, मिलते हैं। मार्किंग करते हैं। अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। अधिकारी वापस जवाब भी देता हैं। यह सब हो रहा है। मैं आपके माध्यम से भी कहता हूं कि जिसको अपनी बात कहनी है, उचित माध्यम से अपनी बात करें। निश्चित रूप से सुनवाई होगी।

### गहलोत का जादू हमारे यहां नहीं चलेगा

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा– जो जैसा होता है, वो दूसरे के लिए वैसा ही सोचता हैं। वह सोचते है कि उनकी सरकार में जैसी स्थिति थी, वैसी हमारे यहां आने वाली है।हमारे यहां ऐसी कोई स्थिति नहीं आने वाली है। वह खुद भी सपने देखते रहें, जादूगरी करते रहें। उनका जादू हमारे यहां चलने वाला नहीं है। हम एकमुखी हैं। व्यवस्थित रूप से हमारी सरकार चल रही है। सही ढ़ंग से हम काम कर रहे हैं। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। उनके समय में जैसे उनके आपस में झगड़े होते थे। वो उसको ध्यान में रखकर हमारे लिए सोचते हैं, गलत सोचते हैं।

# रूस ने यूक्रेन का एफ-16 फाइटर जेट मार गिराया

## पायलट की भी मौत; 7 रूसी मिसाइलें तबाह कीं, अगला टारगेट हिट करते वक्त सिस्टम खराब

बढ़ता राजस्थान

**कीव / मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने रविवार रात को यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें दागीं। रूस ने ख्यह–23 बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइलों से हमला किया। हालांकि यूक्रेनी वायु सेना ने इनमें से 475 हमलों को रोक दिया।यूक्रेन की डिफेंस मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया पोस्ट कर यह जानकारी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले के दौरान एक मिसाइल ने यूक्रेन के स्न–16 फाइटर जेट को मार गिराया। यूक्रेन ने बताया कि हमले में फाइटर जेट के पायलट मक्सिम उस्तीमेन्को की मौत हो गई। रूसी हमलों में रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा और 12 लोग घायल हो गए। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि पायलट ने रूसी हमले के दौरान 7 मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन आखिरी टारगेट हिट करते वक्त उनके विमान में दिक्कत आ गई।पायलट एफ–16 को आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले गया, लेकिन वह समय पर विमान से बाहर नहीं निकल सका।



यूक्रेन ने रूस के क्रीमिया एयरबेस पर ड्रोन हमला किया था

इससे पहले यूक्रेन ने 28 जून की सुबह रूस के कब्जे वाले क्रीमिया के किरोव्स्के एयरबेस पर हमला करने का दावा किया था। एक पैंटसिर–स1 एयर सेफ्टी सिस्टम तबाह हो गया। यूक्रेनी सुरक्षा सर्विस (SBU) ने कहा कि यूक्रेन ने रूसी विमानों, हवाई रक्षा प्रणालियों, हथियारों और ड्रोन भंडार को निशाना बनाया। हालांकि रूस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# आप जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

## भाजपा के झुग्गी तोड़ो अभियान पर अरविन्द केजरीवाल ने साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर–मंतर से भाजपा के खिलाफ हुंकार भरते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, चुनाव से पहले मैंने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें कहा था कि आप उन्हें (भाजपा को) भूलकर भी वोट न दें, क्योंकि उनकी नजर आपकी जमीन पर है।% केजरीवाल ने आगे कहा, मैंने कहा था कि वो एक साल में तोड देंगे, लेकिन किसे पता था कि ये तो 5 महीने में ही आपके घर तोडकर पूरी दिल्ली का सत्यानाश कर देंगे।

राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गी–झोपडियों के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर दिल्ली की राजनीति गरमा गई है। दिल्ली सरकार के इस एक्शन के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी ने जंतर–मंतर पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह सहित क्क के कई बडे नेता शामिल हुए और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।



जंतर–मंतर से भाजपा के खिलाफ हुंकार भरते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, %चुनाव से पहले मैंने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें कहा था कि आप उन्हें (भाजपा को) भूलकर भी वोट न दें, क्योंकि उनकी नजर आपकी जमीन पर है। अगर आप उन्हें वोट देंगे तो वो एक साल के अंदर आपकी झुग्गी–झोपडियां तोड देंगे।% केजरीवाल ने आगे कहा, %मैंने कहा था कि वो एक साल में तोड देंगे, लेकिन किसे पता था कि ये तो 5 महीने में ही आपके घर तोडकर पूरी दिल्ली का सत्यानाश कर देंगे।केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा, %उन्होंने बुलडोजर चलाकर दिल्ली को बर्बाद कर दिया। इतनी गर्मी में, 50 डिग्री सेल्सियस में, वो गरीबों की झुग्गियां तोड रहे हैं, जिससे वो सडक पर चलने के लिए भी लाचार हो गए हैं।% उन्होंने गरीबों की दुर्दशा पर जोर देते हुए कहा, %गरीब आदमी अपनी झुग्गी के पास काम करता है... अगर झुग्गी टूटती है तो उसकी रोजी–रोटी भी बर्बाद हो जाती है... उन्होंने गरीबों को मरने के लिए छोड दिया

### जहां झुग्गी, वहां मैदान मोदी सरकार की गारंटी पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जहां झुग्गी, वहां मकान गारंटी पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने तंज कसा, मोदी जी आए थे और गारंटी देकर गए थे – जहां झुग्गी, वहां मकान, दरअसल उनका असली मतलब था – जहां झुग्गी, वहां मैदान, वोट दे दो, फिर सारी झुग्गियां तोड देंगे और गरीबों को सडकों पर ला देंगे। अब वो ये कर रहे हैं – एक–एक करके आपके घर को माटी में मिला रहे हैं।उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा, बीजेपी का एक बडा नेता कह रहा था कि बीजेपी दिल्ली की सारी झुग्गियां तोडेगी। लेकिन शायद वो भूल गए कि इन झुग्गियों में 40 लाख लोग रहते हैं। जिस दिन ये 40 लाख लोग सडकों पर उतर आए, इनको नानी याद आ जाएगी। केजरीवाल ने लोगों से अपनी एकता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा, आप लोगों की सबसे बडी ताकत आपकी एकता है। अब वक्त आ गया है, आवाज उठाने का।

# राजस्थान की 247 मंडियों में 1 जुलाई से हड़ताल:कृषक कल्याण शुल्क के विरोध में खाद्य व्यापारियों का चार दिन बंद का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान की 247 अनाज मंडियों में 1 जुलाई से हड़ताल शुरू होगी। खाद्य पदार्थ व्यापारियों ने राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में चार दिन के सांकेतिक व्यापार बंद का ऐलान किया है। 2 से 5 जुलाई तक आटा, दाल, तेल, मसाले और अन्य खाद्य वस्तुओं का कारोबार प्रभावित रहेगा। इसके बाद 5 जुलाई को व्यापारियों की बैठक में अनिश्चितकालीन बंद को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता ने बताया– सरकार 1 जुलाई से कृषक कल्याण शुल्क को एक फीसदी कर रही है। साथ ही मंडी टैक्स को भी यथावत रखे हुए है। यदि सरकार 3 साल के लिए मौजूदा 0.50 फीसदी शुल्क को जारी नहीं रखती, आयातित कृषि जिंसों पर मंडी टैक्स और कृषक कल्याण शुल्क को समाप्त नहीं करती, मोटे अनाज पर 2.25 फीसदी आढ़त लागू नहीं करती और चीनी पर कृषक कल्याण शुल्क नहीं हटाती तो व्यापारियों को मजबूरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# अहमदाबाद विमान हादसे में साजिश का एंगल जांचेगी सरकार-सिविल एविएशन मिनिस्टर बोले- ड्रीमलाइनर का ब्लैक बॉक्स विदेश नहीं भेजेंगे; देश में ही जांच होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने दी है। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो इस मामले की पूरी जांच कर रहा है। ब्लैक बॉक्स भारत में है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री मोहोल पुणे में कार्यक्रम एमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था। AAIB इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं।अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें



270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

### रिपोर्ट तीन महीने में आने की संभावना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स में मौजूद सीसीटीवी और FDR की जांच की जा रही है। 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है।उन्होंने बताया कि छ्वत्नष्ट (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एअर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं।

# कोलकाता गैंगरेप केस: जांच हुई तेज, पुलिस ने 3 अहम आरोपों की पुष्टि की, एसआईटी में बढे सदस्य

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि पीडिता के तीन महत्वपूर्ण दावों की अब तक की जांच से पुष्टि हुई है। छात्रा ने आरोप लगाया था कि आरोपियों में से एक ने हॉकी स्टिक से उस पर हमला करने का प्रयास किया था, जिसे बरामद कर लिया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि सामूहिक दुष्कर्म के दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो बनाया था। एक फोरेंसिक टीम ने आरोपियों में से एक के मोबाइल फोन से 1.5 मिनट का वीडियो क्लिप बरामद किया है।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 24 वर्षीय छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। इस मामले में पहले गठित पांच



सदस्यीय एसआईटी (विशेष जांच दल) में अब चार और सदस्यों को शामिल कर लिया गया है, जिससे कुल सदस्यों की संख्या नौ हो गई है। पुलिस ने यह भी बताया है कि छात्रा द्वारा लगाए गए तीन अहम आरोपों की पुष्टि हो चुकी है, जिसके लिए उन्हें सबूत भी मिल गए हैं।

हॉकी स्टिक से हमले का प्रयास- छात्रा ने आरोप लगाया था कि आरोपियों में से एक ने हॉकी स्टिक से उस पर हमला करने का प्रयास किया था। पुलिस ने अपराध स्थल से हॉकी स्टिक बरामद कर ली है।

सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो रिकॉर्डिंग- पीड़िता ने आरोप लगाया था कि सामूहिक दुष्कर्म के दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो बनाया था। एक फोरेंसिक टीम ने आरोपियों में से एक के मोबाइल फोन से 1.5 मिनट का वीडियो क्लिप बरामद किया है, जिसमें इस कृत्य को रिकॉर्ड किया जा रहा है।

गार्ड रूम में घसीटना और मारपीट- पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया था कि उसे गार्ड रूम में घसीटा गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने कॉलेज परिसर से सात घंटे की सीसीटीवी फुटेज (25 जून को दोपहर 3.30 बजे से रात 10.50 बजे तक) की समीक्षा की है, जो उसके बयान की पुष्टि करती है।

### अन्य महत्वपूर्ण खुलासे

एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि पुलिस को संदेह है कि लॉ छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म इसलिए किया गया क्योंकि उसने मुख्य आरोपी के शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिससे वह नाराज हो गया था। हालांकि, पुलिस अभी यह पता नहीं लगा पाई है कि पूरा अपराध पूर्व नियोजित था या नहीं।

मेडिकल जांच ने भी लॉ कॉलेज की छात्रा के इस आरोप की पुष्टि की है कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, महिला के निजी अंगों और भीतरी जांघों के पास बाहरी चोटें थीं, इसके अलावा उसकी गर्दन और उसके आसपास मारपीट के निशान भी पाए गए थे।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार